

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 9 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-011 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# तुष्टिकरण के दलदल में डूब गई है कांग्रेस: मोदी

**लखनऊ,9 अप्रैल.** पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बीजेपी की रैली को संबोधित किया। उन्होंने वरुण गांधी की जगह लेने वाले जितिन प्रसाद के लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि जब नीयत सही होती है, हौसले बुलंद होते हैं, तो नतीजे भी सही मिलते हैं। आज हम चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते हुए देख रहे हैं। मोदी ने कहा कि सारी दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। कभी कांग्रेस सरकारें दुनिया से मदद मांगती थीं, लेकिन कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी। उन्होंने दावा किया कि दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाए। अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के ग्रंथों को पूरी श्रद्धा से भारत लाए और ये सब आपके एक वोट की ताकत से हुआ है।

मोदी ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के 14 साल में जितने रुपये गन्ना किसानों को मिले थे, उससे ज्यादा रुपये योगी जी की सरकार यहां गन्ना किसानों को दे चुकी है। देश में इथेनॉल सम्मिश्रण को लेकर जो बड़ा अभियान चल रहा है, उससे भी पीलीभीत के किसानों को बड़ा फायदा होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की परेशानी को कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया है। कई चीनी मिलें खुलीं है, कई का विस्तार हुआ है और ये काम लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये भी याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। आज देश में जिस शक्ति की पूजा हो



रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी ने राम मंदिर के लिए अपना जीवन और सरकार समर्पित कर दी। देश के हर परिवार ने अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार योगदान दिया। लेकिन इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। मोदी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर न बने इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर इतना भव्य मंदिर बना दिया और जब मंदिर वालों ने आपके सारे गुनाह माफ करके प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया। लेकिन आपने (कांग्रेस) आमंत्रण को ठुकरा कर भगवान राम का अपमान किया और जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस इतना डूब गई है कि उससे कभी बाहर नहीं निकल सकती। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, वो कांग्रेस का नहीं, बल्कि मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लगता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आज जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने 1984 में हमारे सिख साथियों के साथ क्या किया था, वो कोई भूल नहीं सकता। ये भाजपा है, जो सिखों के साथ पूरी शक्ति से खड़ी है, उनकी भावनाओं को समझते हुए काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन को, देश की महान विभूतियों का अपमान करने में भी संकोच नहीं होता। कांग्रेस के या समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आज तक कभी स्टैच्यू आफ यूनिटी पर नहीं गए है।

### चरणदास महंत ने अब मोदी को बताया डिफॉल्टर

**रायपुर,9 अप्रैल.** 'सिर पर डंडे मारने' और 'चीन भेजने' जैसे विवादित बयान से सियासी बवाल के बाद एक बार फिर से नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा हैं। इस बार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डिफॉलटर कहा हैं और उनपर वादा खिलाफी का आरोप लगाया हैं। जाहिर हैं पहले दिए बयान से ही भाजपा-कांग्रेस के बीच तलवारें खींची हैं ऐसे में उनके इस नए बयान के बाद एक बार फिर दोनों पार्टियों के बीच घमासान मच सकता हैं। डॉ महंत का दावा हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता पीएम मोदी को डिफॉलटर मानती हैं, इसलिए वह डिफॉलटर्स के बारें में बात नहीं करेंगे। बकौल डॉ महंत नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल से कोई भी गारंटी पूरी नहीं कर पाए हैं। फिर वह रोजगार देने की बात हो या लोगों को 15 लाख रुपये देने की। पीएम मोदी ने अपने वादें पूरे नहीं किये हैं।

## संक्षेप

### मंत्रालय और पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात जवान ने की अंधाधुंध फायरिंग

**रायपुर,9 अप्रैल.** नवा रायपुर के मंत्रालय और पीएचक्यू सुरक्षा में लगे पुलिस जवान के अंधाधुंध गोली चलाए जाने की घटना सामने आई है, हालांकि, गोली चलाने जाने से कोई हताहत नहीं हुआ है. मामला राखी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, मंत्रालय और पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात 14ह्ळ्द्ग बटालियन में पदस्थ आरक्षक राकेश यादव ने सुबह 6-7 बजे करीब 12 राउंड फायर किए. गोली चलाए जाने का कारणों का अब तक पता नहीं चला है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षा में तैनात आरक्षक राकेश यादव के साथ अन्य तीन जवान भी सुबह ड्यूटी पर तैनात थे. पुलिस ने आरक्षक के पास से इंसास रायफल जब्त किया है. जिससे 12 राउंड फायरिंग की गई है. रायफल वन बाय वन मोड में थी. इसीलिए ऐसा माना जा रहा है कि आरक्षक ने जानकर 12 राउंड हवाई फ़ायरिंग की है. एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि नवा रायपुर पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात जवान से गोली चली है. किन कारणों से फायर हुआ है, दुर्घटनावश गोली चली या कोई और कारण है, इन सब तमाम पहलुओं की जाँच की जा रही है.

### शाह 14 को राजनांदगांव में लेंगे सभा

**रायपुर,9 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र सभी पार्टियों के दिग्गजों का छत्तीसगढ़ दौरा लगातार जारी हैं. इसी सिलसिले में पीएम मोदी के दौरे के बाद गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री शाह अपने दौरे के दौरान चुनावी सभा को संबोधित करते नज़र आएंगे । मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह राजनांदगांव लोकसभा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने प्रवास के दौरान राजनांदगांव लोकसभा सीट से प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करेंगे.

### राजनाथ सिंह की 13 अप्रैल को दंतेवाड़ा में चुनावी सभा

**जगदलपुर,9 अप्रैल.** दक्षिण का इलाका ज्यादा नक्सल प्रभावित है। जहां भाजपा प्रचार के लिए केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को उतारने जा रही है। 13



अप्रैल को दंतेवाड़ा में राजनाथ सिंह चुनावी सभा करेंगे। नक्सल क्षेत्र में राजनाथ सिंह गरजेंगे और इसके दूसरे दिन 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बीजापुर में चुनावी सभा लेंगे। उसी दिन शाम को जगदलपुर आकर मुख्यमंत्री यहां रोड शो करेंगे।

### स्कूटी, मेटाडोर और ट्रक में टक्कर, दो की मौत

**केशकाल,9 अप्रैल.** कांकेर जिले के केशकाल से सड़क हादसे की एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां मेटाडोर और तर्क की भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में एक स्कूटी सवार भी चपेट में आ गया। हादसे के बाद एनएच 30 पर लंबा जाम लग गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, फरसगांव थाने के एनएच-30 में स्कूटी, मेटाडोर और ट्रक में भिड़ंत हुई। इस हादसे में सकती सवार और मेटाडोर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मेटाडोर में सवार तीन मजदुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं इस हादसे में ट्रक ड्राइवर घंटो तक ट्रक में ही फंसा रहा। ड्राइवर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड सुरक्षा

**नई दिल्ली,9 अप्रैल.** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड कैटिगरी की सुरक्षा प्रदान की गई है। आईबी के इनपुट के आधार पर गृह मंत्रालय ने उन्हें यह सुरक्षा कवर देने का फैसला किया है। बीते कुछ समय से चुनाव आयोग पर विपक्षी दलों की ओर से आरोप भी लगाए हैं कि वह सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। विपक्षी दलों पर ऐक्शन लिया जा रहा है, जबकि भाजपा के नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।



इस बीच चुनाव आयोग ने होम मिनिस्ट्री से मांग की है कि बंगाल में अर्ध सैनिक बलों की 100 अतिरिक्त कंपनियां सुरक्षा के लिए तैनात की जाएं ताकि चुनाव बिना किसी दखल के हो सकें। सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग के आदेश पर होम मिनिस्ट्री की ओर से सीआरपीएफ की 55 कंपनियों और बीएसएफ की 45 कंपनियों की तैनाती की जानी है। चुनाव अधिकारियों ने आदेश दिया है कि 15 अप्रैल तक या फिर उससे पहले ही अर्धसैनिक बलों की 100 अतिरिक्त टुकड़ियों को तैनात कर दिया जाए। इससे पहले बुधवार को चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एक मीटिंग बुलाई थी। इसमें कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया था। पश्चिम बंगाल में अतिरिक्त बलों की तैनाती का आदेश इसलिए भी अहम है क्योंकि वहां चुनावी हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। बता दें कि पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव होना है। 19 अप्रैल को पहले राउंड की वोटिंग होगी और 1 जून को आखिरी चरण का मतदान होगा। इसके अलावा 4 जून को परिणाम आएगा। बता दें कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा की कुल 42 सीटें हैं। 2019 के आम चुनाव में टीएमसी ने राज्य की 22 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा के 18 उम्मीदवार विजयी हुए थे। इस बार भाजपा का दावा है कि वह पहले नंबर पर आएगी। यही नहीं चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भी बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भाजपा के सबसे ज्यादा सीटें जीतने की भविष्यवाणी की है।

### केंद्र और कोस्ट गार्ड को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

#### नारी शक्ति की बातें अमल में लाएं

**नई दिल्ली,9 अप्रैल.** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय तटरक्षक बल से कहा कि सेना, नौसेना और वायु सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन के संबंध में समय की प्रगति पर ध्यान दें क्योंकि इसने एक महिला शॉर्ट-सर्विस कमीशन अधिकारी को निर्देश दिया था, जिसे सेवा से मुक्त कर दिया गया था। दिसंबर 2023 में पुरुष समकक्षों के साथ समानता की उनकी याचिका पर निर्णय होने तक अंतरिम उपाय के रूप में बहाल किया जाएगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरामनी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) विक्रमजीत बनर्जी द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए तटरक्षक बल द्वारा दिखाए गए प्रतिरोध का उपहास किया।

तटरक्षक बल में एक अकेली महिला को रखने के आपके प्रतिरोध को देखिए। यह वही प्रतिरोध था जो कॉर्नेलिया सोराबजी (भारत की पहली महिला वकील) ने किया था जब उनसे कहा गया था कि आप उतनी अच्छी नहीं हैं।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत

**वाशिंगटन,9 अप्रैल.** अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। न्यूयॉर्क में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को इस दुखद खबर को लेकर पुष्टि की। इसमें बताया गया कि हैदराबाद का 25 वर्षीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात ओहायो में मृत पाया गया है। उन्होंने 2023 में क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया था। कुछ दिनों पहले मोहम्मद अब्दुल अरफात के लापता होने की खबर आई थी। भारतीय दूतावास ने इसे लेकर बताया था कि अब्दुल के परिवार और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी तलाश जारी है।भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान में अब्दुल अरफात की मौत पर दुख जताया गया है। बयान में कहा गया, यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात ओहायो के क्लीवलैंड में मृत पाए गए हैं, जिनकी कुछ दिनों से तलाश की जा रही थी। मोहम्मद अरफात के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं। मालूम हो कि इस साल यूएस में भारतीय छात्र की मौत का यह 11वां मामला है। इसे लेकर बड़े पैमाने पर चिंता जताई जा रही है। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह छात्र की मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में है। इसमें कहा गया, हम उसका शव भारत ले जाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता मुहैया करा रहे हैं।

अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने कहा था कि बेटे ने उनसे आखिरी बार 7 मार्च को बात की थी। तब से वह अपने परिवार के संपर्क में नहीं हैं। उन्होंने बताया था कि उसका मोबाइल फोन भी बंद है। अमेरिका में अरफात के कमरे में उसके साथ रहने वाले व्यक्ति ने उसके पिता को सूचित किया था कि उसने क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि अरफात का मादक पदार्थ बेचने वाले एक गिरोह ने अपहरण कर लिया गया है। उसने उसे छोड़ने के लिए 1,200 अमेरिकी डॉलर की मांग की थी।





# मां महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर ज्योति कलश से जगमगाया

#### हिन्दू नववर्ष व नवरात्रि का शुभारंभ

**रायपुर,9 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है. ग्राम तुलसी-पाटन (दुर्ग) में शिवधाम स्थित मां महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर में आज आस्था व श्रद्धा के ज्योति कलश व जंवारा स्थापित किया गया. मां महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर में पूर्वान्ह 11 बजे घट स्थापना की गई. यहां यब बताना जरूरी है कि 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे पंचमी पर मां का श्रृंगार किया जाएगा। 14 अप्रैल को रात्रि 11 बजे काल रात्रि पूजन व हवन का अनुष्ठान होगा। 16 अप्रैल को मध्यान्ह 11:38 बजे अष्टमी संधि पूजन तथा 17 अप्रैल नवमी पर मध्यान्ह 12 बजे कन्या पूजन किया जाएगा। शिवधाम परिसर में पारद निर्मित अद्भुत शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। माता के दरबार में आज दर्शन करने देवी भक्तों का तांता लगा रहा. यह पवित्र धाम राजधानी रायपुर से महादेवघाट, रायपुर, अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन मार्ग पर स्थित है। ग्राम तुलसी को शिवधाम के रूप में नई पहचान मिली है। राजधानी के महामाया मंदिर, काली मंदिर,शीतला मंदिर,बंजारी धाम,बंजारी मंदिर सहित विभिन्न शक्ति पीठों में ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। देवी मंदिरों की आकर्षक साज सजावट की गई है.दर्शकों को दर्शन कराने विशेष व्यवस्था की गई है.

# अडानी-अंबानी पर देश के संसाधन न लुटाए जाएं तो एक नहीं पांच लाख मिल सकता है महिलाओं को

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,9 अप्रैल.** कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के सवालों का कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि देश के संसाधन यदि अडानी-अंबानी जैसे चंद लोगों पर ना लुटाए जाएं. देश के संसाधनों का यदि सत्तारूढ़ पार्टी भव्य कार्यालय निर्माण करने में उपयोग न करें, तो देश की महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख नहीं, पांच लाख दिया जा सकता है. कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी के साथ महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख देने का वादा किया है. दरअसल, अजय चंद्राकर ने उपेक्षित होने के बाद पढ़ना-लिखना छोड़ दिया है, उन्हें अब अध्ययन करना चाहिए. वह पूरी तरीके से कुंठित हो चुके हैं. वहीं अजय चंद्राकर के दीपक बैज के अपमान वाले बयान पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी जी की सभा में बीजेपी ने एक लाख लोगों के होने का दावा किया था, लेकिन बमुश्किल 10 से 15 हजार लोग आए थे. कवासी लखमा की एक-एक सभा में बिना किसी तैयारी के 10 से 15 हजार लोग आ रहे हैं. कवासी लखमा में बस्तर का आम आदिवासी अपना अक्स देख रहा है. उन्होंने कहा कि बीजेपी ने आदिवासियों का शोषण किया है. 2006 के वन अधिकार अधिनियम समाप्त करने, नगरनार संयंत्र को अदानी को देने की साजिश रची, या चाहे हसदेव अरण्य की कटाई का मामला हो. आदिवासी बीजेपी से बेहद नाराज हैं.

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भूपेश बघेल की टिप्पणी पर अजय चंद्राकर के कटाक्ष पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अजय चंद्राकर सत्ता के मद में अंधे हैं. पार्टी का और ईडी का षड्यंत्र देश के सर्वोच्च अदालत ने बेनकाब कर दिया. कुछ ना कुछ बयानबाजी तो करेंगे. उनका काम है पर्दा डालना, तो पर्दा डालने का प्रयास तो करेंगे. पर्दा नहीं डालेंगे तो अभी भी उपेक्षित हैं, और आगे भी उपेक्षित रहेंगे.

### यह मोहम्मद अली जिन्ना की कांग्रेस है : प्रमोद कृष्णम

**नई दिल्ली,9 अप्रैल.**कांग्रेस पार्टी ने 5 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसे लेकर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पार्टी पर हमला बोला है. कृष्णम ने कहा कि घोषणापत्र देखने के बाद ऐसा लगता है कि यह मोहम्मद अली जिन्ना की कांग्रेस है. लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में अपना जोर लगाती नजर आ रही हैं.



# राहुल गांधी ने महिलाओं के साथ जंगल में बीना महुआ, चखा स्वाद

**शहडोल,9 अप्रैल.** मध्य प्रदेश के दौरे पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उमरिया जिले में महुआ बीना और महुआ का टेस्ट भी लिया। उमरिया हवाई पट्टी पहुंचने से पहले राहुल गांधी जंगल पहुंचे। जहां उन्होंने महिलाओं से बातचीत के बाद महुआ बीना। साथ ही उन्होंने महुआ का टेस्ट भी लिया। उमरिया में राहुल गांधी मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र कहे जाने के सवाल पर चुप्पी साध ली। हेलीकॉप्टर में फ्यूल खत्म होने के बाद शहर घूमने निकले राहुल, ढाबा में खाया खाना.



# सीएम के सभा स्थल पर मधुमक्खियों का हमला

**रायपुर,9 अप्रैल.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिला में सरहुल महोत्सव में भाग लेने वाले थे लेकिन यहां सभा स्थल पर मधुमक्खियों हमले के कारण उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया. बताया जाता है कि सभा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र थे यहां हवन पूजन का कार्यक्रम चल रहा था हवन के धुंआ के कारण मधुमक्खियां आक्रोशित हो गईं और लोगों पर हमला कर दिया. यहां भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गयी थी. कई ग्रामीणों, पुलिस कर्मियों तथा भाजपा नेताओं को मधुमक्खियों ने काट खाया है. घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है.

# ट्रेलर ने बोलेरो को मारी टक्कर,एक ही परिवार के 9 लोग घायल

**रायगढ़ ,9 अप्रैल**

तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बोलेरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बोलेरो सवार आधे दर्जन से भी अधिक यात्री घायल हो गए। घटना के बाद से ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब सवा तीन बजे खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोतल्दा रॉक गार्डन के पास खरसिया से शक्ति की तरफ जा रहे एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4624 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलेरों क्रमांक सीजी 13 सी 7394 को अपनी चपेट में ले लिया। यह दुर्घटना इतनी भयंकर थी बोलेरो वाहन के जहां परखच्चे उड़ गए और मौके पर घायलों की चीख पुकार मच गई। इस घटना में बोलेरों में सवार आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है। बोलेरों सवार बिलासपुर जिले के लुथरा सरीफ गए हुए थे वहां से वापसी के दौरान बोतल्दा के पास यह घटना घटित हुई है आसपास के लोगों ने इस घटना की जानकारी तत्काल डायल 112 में दी





जिसके बाद खरसिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची इस दौरान तीन लोग वाहन में फंसे रहे जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। इस घटना में बोलेरों में सवार आधे दर्जन से भी अधिक लोग घायल हुए हैं जिन्हें खरसिया सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इस दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर ही छोडकर फरार हो गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बोतल्दा के पास यह घटना घटित हुई है जिसमें बोलेरों में सवार 9 लोगों को कलावती गुप्ता, 42 साल, गुरूबारी गुप्ता, 50 साल, जमुना गुप्ता, 48 साल, जोगी गुप्ता, 55 साल, गनेश गुप्ता, 62 साल, ललिता गुप्ता, 50 साल, अनुछाया, 40 साल, जानक बारीक, 60 साल के साथ-साथ सुरतलाल 38 साल को चोटें आई है। घटना के बाद से आरोपी चालक फरार हो गया है। वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी में जुट गई है।

# दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के सामने है कार्यकर्ताओं का संकट

## बड़ी संख्या में राजनांदगांव, महासमुंद एवं बिलासपुर चले गए हैं कार्यकर्त्ता

**भिलाई, 9 अप्रैल।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से तीन-तीन दिग्गजों को दूसरे लोकसभा क्षेत्रों का प्रत्याशी बना दिए जाने की वजह से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को कार्यकर्ता-संकट से जूझना पड़ रहा है। दुर्ग जिले के तीन दिग्गज कांग्रेस नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री भपूेश बघेल को राजनांदगांव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को महासमुंद एवं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से लोकसभा टिकिट देकर कांग्रेस हाईकमान ने भेज दिया है। इसका व्यापक असर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। दुर्ग-भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को युवा फौज जिसमें एनएसयूआई, युवक कांग्रेस एवं उसके अनुषांगिक संगठन के हजारों कार्यकर्ता अपने युवा प्रत्याशी देवेन्द्र यादव के समर्थन में बिलासपुर कुछ कर गए हैं। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में पहुंच कर वे डेरा जमाये हुए हैं। ऐसी भीषण गर्मी में कांग्रेस के बुजुर्ग सदस्य अपने कांग्रेसी उम्मीदवार राजेन्द्र साहू के समर्थन में जोश खरोश के साथ सामने नहीं आ रहे हैं । चूंकि ताम्रध्वज साहू महासमुंद से चुनाव लड रहे हैं, इस कारण उनके समर्थक सैकड़ों की संख्या में महासमुंद पहुंच गए हैं, जिसमें साहू कार्यकर्ताओं की संख्या अधिक है। ऐसे में राजेन्द्र साहू के समक्ष कार्यकर्ता संकट स्वाभाविक ही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार है, उनके समर्थन में पाटन क्षेत्र के साथ साथ दुर्ग जिले के हर तहसील के कार्यकर्ता राजनांदगांव क्षेत्र में फैल चुके है तथा भूपेश बघेल के प्रचार प्रसार में जी जान से जुट गये हैं। कांग्रेस के लिए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र प्रतिष्ठा की सीट है क्योंकि जिले में 5 वर्ष तक सत्ता में रहकर कांग्रेस को दिशा एवं दशा देने का प्रयास करते रहे हैं, भले ही सभी धाकड मंत्री हार गये। नगर निगमों, नगर परिषदों, ग्राम पंचायतों में अभी भी कांग्रेस का कब्जा है लेकिन जिले के कई बड़े नेताओं के भाजपा प्रवेश से कांग्रेस की ताकत कमजोर हुई है।

## माँ दुर्गा के जयकारों के बीच जल उठी आस्था की ज्योत

भिलाई, 9 अप्रैल। नवरात्र के देवी-महापर्व का चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आज से शुभारम्भ हो गयी है। इसके साथ ही नया हिंदू वर्ष भी आरंभ हो गया है। पूरे नौ दिनों तक चलने वाले आस्था के इस पर्व को



लेकर भक्तों में आदिशक्ति की आराधना-पूजा को लेकर अपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। मंदिरों से लेकर-घरों में ज्योत-कलश स्थापित किये गए हैं जहाँ आस्था की ज्योत जगमगा रही है। नवरात्रि के प्रथम दिवस आज देवी के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री की पूजा हो रही है। ज्योतिष-पंडित बता रहे हैं कि आज का प्रथम दिवस काल गणना के हिसाब से बहुत ही उत्तम फल देने वाला है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि का योग बन रहा है। इसे अमृत काल के नाम से जाना जाता है। चैत्र नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की जाएगी। इसके लिए पहले से ही तैयारियां हो चुकी थीं। आज सुबह से मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। दुर्गा स्त्रोत से लेकर सप्तशती का पाठ मंत्रोच्चार की अनुगूंज चहुंओर सुनायी दे रही है। इसके साथ ही घट स्थापना और जवरा भी लगाए गए हैं। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

## एक नजर

### रणवीपुर पुलिस चौकी प्रभारी की सक्रियता के कारण अवैध शराब विक्रेता पकड़ाया



**कवर्धा, 9 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन मे एंव अति0 पुलिस अधीक्षक विकास कुमार , पुष्पेन्द्र बघेल,एंव अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव के दिशा निर्देशन मे चौकी प्रभारी रणवीरपुर उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी क्षेत्र में अवैध जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में मुखबीर सुचना पर दिनांक 07/04/2024 को ग्राम मगरवाह चौक मे घेराबंदी कर मुखबीर के बताये हुलिया एंव नाम के व्यक्ति आरोपी संतोष घोघरे पिता अमरजीत घोघरे उम्र 32साल साकिन डोंगरिया चौकी रणवीरपुर के कब्जे 30 पौवा देशी मदिरा कीमती 2700 रूपये को मुताबिक जप्ती पत्रक के जब्त किया गया आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से विधिवत कार्रवाई कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

### महादेव सट्टा युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई महादेव सट्टा में खाते का काम करने के मामले में उतरा खंड पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ



लेकर गई है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,120 बी, 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है छावनी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर ने बताया कि उत्तराखंड पुलिस छावनी थाना पहुंची वारंटी छावनी क्षेत्र का होने की जानकारी दी इसके बाद बसंत टॉकीज के समीप रहने वाले राजू बाघ को पकड़कर उत्तराखंड पुलिस को सौंपा गया बताया जा रहा है कि राजू बाघ महादेव सट्टे में एकाउंट का काम करता था खाते के खंगालने के बाद कई लोगों का नाम सामने आ सकता है ।

### घर से बकरियां व भेड़ चोरी

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई पाटन थाना अंतर्गत ग्राम-गुजरा के सरपंच के घर से चोरों ने करीब 75 बकरियां व भेड़ चुरा ले गए।सरपंच की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि ग्राम-गुजरा के सरपंच पितांबर पटेल खेती किसानी के साथ बकरी, बकरा व भेड़ का पालन करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके पास 75 बकरी बकरा व भेड़ है। इसे चराने के लिए विदेशी ठाकुर नाम के कर्मचारी को रखा हुआ है रोज की तरह शनिवार को विदेशी ठाकुर ने बकरियों व भेड़ को चराने ले गया और शाम 5 बजे घर लाकर बाड़े के भीतर में सभी को बांधकर चला गया रात को सरपंच के परिवार के सभी लोग सो गए। दूसरे दिन सुबह विदेशी ठाकुर बकरियों को बाड़े में झाड़ू लगाने गया तो वहां एक भी बकरा, बकरी व भेड़ नहीं था यह देख विदेशी ठाकुर हैरान रह गया उसके बाद उसने सरपंच पितांबर पटेल को सूचना दी पितांबर पटेल के बाड़े से चोर ने 50 बकरी, 20 बकरा और 5 भेड़ चुरा ले गया इसके बाद खोजबीन करने पर एक बकरा खेत में मरा हुआ मिला वहीं बाकी बकरियों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी घटना में बाइक सवार की मौक पर मौत हो गई शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम पथरिया निवासी सतीश टंडन बाइक सीजी 07 सीडी 7611 से निकला था इस दौरान दुर्ग धमधा मेन रोड बंसल बाडी के पास कार सीजी 07 सीआर 4120 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी घटना में सतीश की मौके पर ही मौत हो गई मृतक ग्राम कोडिया जाने के लिए निकला।

### शेयर बाजार के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र शेयर बाजार में निवेश करने का झांसा देकर एक कांग्रेस नेत्री से उसके परिचित ने 56 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि स्टील कॉलोनी निवासी गुरमीत कौर धनई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ माह पूर्व उसकी जान पहचान मॉडल टाउन निवासी श्रेयांश जैन से हुई। उसने अपने आप को फाइनेंस एडवाइजर बताया और पति की मृत्यु के उपरांत मिले पैसों को व्यवस्थित ढंग से इन्वेस्ट करवा कर अच्छे रिटर्न का झांसा दिया तीन महीने में रकम दोगुनी होने का भरोसा दिलाया उस पर विश्वास कर पिछले वर्ष 7 अक्टूबर को 11 लाख, 29 अक्टूबर को 25 लाख और 30 नवंबर को 20 लाख रुपए दिए इस प्रकार चार बार में उसने श्रेयांस जैन को कुल 56 लाख रुपए की रकम दी उसने इस रकम से विभिन्न कंपनियों के आईपीओ व शेयर खरीदने की जानकारी दी ।

इस बीच श्रेयांस द्वारा दिया गया समय निकल गया लेकिन हर बार आरोपी उसे झूठा आश्वासन देता रहा इस पर उसने आरोपी के पिता संजय जैन से रकम वापस करने का आग्रह किया इस बीच आरोपी श्रेयांस ने उसका कॉल रिसीव करना भी बंद कर दिया ।

## आरक्षक को टक्कर मारकर कारवाला फरार

**भिलाई।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र बीती रात पुलिस की एक टीम वाहनों की चेकिंग में जुटी थी। इस दौरान आरक्षक ने एक कार को रोकने का इशारा किया तो गाड़ी चालक ने आरक्षक को टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना में आरक्षक को चोटें आई है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 186, 307, 353, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है पुलगांव पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रात में शहर में प्रवेश करने वाले और बाहर जाने वाले वाहनों की जांच का आदेश दिया गया था इसके चलते बीती रात पोटिया नाले के पास एक टीम को वाहन चेकिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई पुलगांव थाने में पदस्थ आरक्षक चित्रसेन की भी वाहन चेकिंग में ड्यूटी लगाई गई थी रात करीब 9 बजे एक वाहन दुर्ग से पुलगांव की ओर आ रहा था वाहन को देखकर आरक्षक ने उसे हाथ देकर रुकने का इशारा दिया इसके बाद भी कार चालक ने रफ्तार कम नहीं की इस पर आरक्षक बीच सड़क पर पहुंचकर वाहन को रोकने के लिए खड़ा हो गया कार चालक ने रोकने की जगह वाहन को और तेज कर दी इस पर आरक्षक मौके से हट गया लेकिन अज्ञात कार चालक पुलिसकर्मी को साइड से टक्कर मारते हुए गाड़ी को भगा ले गया मौके पर मौजूद अन्य स्टॉफ ने कार का पीछा करने की कोशिश की। तब तक चालक काफी दूर निकल चुका था वहीं, घायल आरक्षक चित्रसेन को इलाज के लिए अस्पातल में भर्ती कराया गया है ।

## बीआरएम के कार्मिक व अधिकारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित



भिलाई, 9 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-1 के अन्तर्गत बीआरएम विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बीआरएम विभाग में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक अजय कुमार को पाली शिरोमणि एवं सीएमओसीटी पतिराम, ओसीटी रोहित अंसुल कुजूर, ओसीटी बुधान मर्दी, सीएमओसीटी कुलेश्वर राम साहू, सीएमओसीटी निर्मल सिंह तथा ओसीटी सचिन कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक श्रीमती समायला अंसारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिरिक्त श्रम-कल्याण अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं स्मृति सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## सुंदरकांड का पाठ कर मनाया गया बिचपुरिया का जन्मदिवस



**भिलाई, 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने 6 अप्रैल को अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर अपने निवास पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में उनके मित्र गण स्नेहीजन एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की यह संयोग ही है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी उनका जन्मदिवस और पार्टी स्थापना दिवस दोनों ही 6 अप्रैल को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। सुबह सर्वप्रथम ब्रजेश बिचपुरिया ने शनि मंदिर सेक्टर 6 में एवं हनुमान मंदिर सेक्टर 9 में पहुंचकर प्रभु की पूजा अर्चना की आरती की और वहां से सेक्टर 2 आस्था वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को फल वितरण किया और सभी का आशीर्वाद लिया द्य निवास में सुंदरकांड की आरती में दुर्ग के लोकप्रिय सांसद एवं वर्तमान प्रत्याशी श्री विजय बघेल जी ने भी शामिल होकर प्रभु श्री राम एवं हनुमान जी की आरती की और ब्रजेश बिचपुरिया को उनके जन्मदिवस की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार राणा, शिवसागर मिश्रा, रेखराम बंछोर, कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, प्रवक्ता संजय सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रवि शंकर सिंह,मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, अशोक गुप्ता, शैलेंद्र शिंदे, जोगेश्वर सोनी, अमित मिश्रा, स्वीटी कौशिक, कंचन सिंह, रितेश ठाकुर,विशालदीप नायर, हर्षल यादव, जितेंद्र साहू, डॉ प्रदीप चौधरी, श्री भगवान अग्रवाल, सुंदर साहू, जेपी गंगौरकर, मनोज तिवारी, बृजेंद्र गुप्ता, भरत भमबवानी, रवि कश्यप, समीर अग्रवाल, मनीष पीपरोल, नवीन सिंह, किशन साहू, सुजीत यादव, सौरभ चटर्जी,शैलेंद्र सक्सेना, प्रमिला दुबे, स्नेहा शुक्ला, ज्योति सिंह,अंकिता तिवारी, ज्योति सिंह,पार्षद गण चंदेश्वरी बंदे, मुकेश अग्रवाल, भोला साहू, रामकुमार जायसवाल, संजय सिंह, संतोष मौर्य,विजय जयसवाल, आस्था के संचालक प्रकाश गेदाम आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की ।

## जेएलएन अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



भिलाई, 9 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में 8 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। शुभारम्भ, मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक जे वाइ सपकाले उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर तथा महाप्रबंधक शिवराजन, महाप्रबंधक शाहिद अहमद सहित अस्पताल के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकगण, मेडिकल स्टाफ तथा सीएसआर विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि इस मिशन का बहुत ही उचित व सार्थक नाम लक्ष्मी रखा गया है। लक्ष्मी वैसे तो धन की देवी है, परंतु यहां स्वास्थ्य को धन से जोड़ा जा रहा है। अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा कांगो ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। चीफ कंसल्टेंट (स्त्री रोग) डॉ निशा ठाकुर ने स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण तथा सजगता के बारे में बताया तथा श्रीमती परोमिता दासगुप्ता द्वारा खान-पान में संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। क्विज का संचालन डॉ प्रिया साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन कंसल्टेंट डॉ शुभस्मिता द्वारा तथा डॉ रोशन हुसैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल होंगे

**महासमुंद 9 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में श्री अनिल कुमार अग्रवाल (आई.ए.एस.) को नियुक्त किया गया है।

वे लोकसभा अंतर्गत सभी विधानसभाओं के लिए सामान्य प्रेक्षक होंगे। उनसे मोबाईल नम्बर 76470-45208 तथा 07723-297457 पर सम्पर्क किया जा सकता है। श्री अनिल कुमार अग्रवाल का ई-मेल आईडी पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

### सिंधू भवन में झूलेलाल जयंती मनाई 10 को

भिलाई, 9 अप्रैल। सिंधू भवन सेक्टर- 4 में साई झूलेलाल जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनायी जाएगी। आयोजक सिंधी ब्रादर मंडल,




सेक्टर-4 के अध्यक्ष जयकुमार अम्बवानी ने बताया कि इस शुभ अवसर पर आगामी 10 अप्रैल को सुबह 9˜30 बजे से सेक्टर 4 चौक में शरबत वितरण, शाम को झांकी 5 बजे सिंधू भवन से प्रारंभ, झूलेलाल जी की आरती रात्रि 7˜30 बजे, सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से, पुरस्कार वितरण, झूलेलाल जी की मूर्ति वितरण, स्कूल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों का सम्मान एवं रात्रि भोजन/ भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। अंबवानी ने समारोह में समस्त सदस्यों से समय से उपस्थिति की अपील की है।



## धनोरा दरबार में आज से जल उठेगी आस्था की ज्योति

**उतई, 9 अप्रैल।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र एवं कुंवर दोनों नवरात्रि में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति जलवाते है यहां पर आज दोपहर 12 बजे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ पुजा पाठ कर के घटस्थापना करके फिर ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा एवं 13 अप्रेल शनिवार को पंचमी सिगार माता जी का किया जाएगा 16 अप्रैल शनिवार को महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम शाम 4 बजे से एवं कन्या भोज एवं 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से ज्योति विसर्जन शोभायात्रा जो कि दरबार से शुरू होकर बाजार चौक मेन गली भ्रमण करते शितला तालाब पहुंच कर विसर्जन किया जाएगा। एवं हर रोज रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक माता सेवा गुलाब साहू एवं हेमंत तेली के मंडली द्वारा हनुमान प्रकटत्सौव के पावन पर्व इस साल भी बढ़े धुम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया है 22 अप्रैल को मानस गान गाढ़ा गाढ़ा जोहार के गायक हिरेश सिन्हा जितेशवरि सिन्हा के द्वारा मानस गान एवं 23 अप्रैल को शाम 4 बजे से भव्य झांकी के एवं जय बजरंग अखाड़ा मंडली के कलाकारों के द्वारा गली भ्रमण शोभा यात्रा का कार्यक्रम होगा यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।

## नवरात्रि पर मां दुर्गा की छत्तीसगढ़ी स्वरूप में पेंटिंग बनाने का कार्य



**भिलाई, 9 अप्रैल।** नवरात्रि पर मां दुर्गा को छत्तीसगढ़ी स्वरूप में पेंटिंग करने का काम प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने किया है। वर्तमान में वे गीता के 700 श्लोकों पर पेंटिंग बना रहे हैं। दुर्गा माता का छत्तीसगढ़ी संस्करण करने पर समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, रमेश भारती, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, मोहन बराल, साहित्यकार मेनका वर्मा और ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ के प्रथम बोर्ड मेंबर डा. अंकुश देवांगन ने उन्हें बधाई दी है। ज्ञात हो कि चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी समकालीन भारतीय कला जगत के एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। वे अपने शोख-चटख रंग से सराबोर चित्रों के लिए जाने जाते हैं। मार्डन आर्ट होकर भी उनकी कला अपना अर्थ सीधे शब्दों में कह जाती है यही वजह है कि सामान्य जनमानस को बांधने में वे सफल रहे हैं। छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी उनकी कला को देखने लोग टूट पड़ते हैं। बहरहाल मां दुर्गा के छत्तीसगढ़ी परिधान युक्त इस पेंटिंग में भी उनकी यह शैली अपने पूरे चरम पर दिखती है। जहां ब्रह्मांड की वेदी पर धरती के नीले सुनहरे रंग की तरह माता की माया प्रदर्शित है। उन्होंने महर्षि कपिल मुनि के सांख्य दर्शन से प्रेरित होकर इस चित्र का निर्माण किया है। जिसके एक हाथ में पुष्पगुच्छ है जो सृजन का प्रतीक है तो दूसरे हाथ में मशाल है जो संहार को दर्शाती है। उन्होंने सिंह को भी तीन मुंह वाला बनाया है जो सत, रज, तम जैसे तीन गुणों का प्रतीक है वहीं सारे संसार में उसकी माया व्याप्त होने के कारण वह महामाया कहलाती है।

## कई गांवों में रही रात भर लाइट गुल बच्चे और पालक रहे परेशान

**कवर्धा , 9 अप्रैल।** सोमवार की शाम अचानक बादल काले हुए और रात होते होते बिजली गरजती रही और बारिश भी दिखी लेकिन रात भर के लाइट गुल हो जाने के कारण कई बच्चो और लोगो ने बस में कहा की इतनी लाइट गुल क्यू होती है । कुछ बच्चो ने कहा की मौसम खराब था इसलिए लाइट गुल हुआ और कुछ बच्चो ने कहा की लेकिन रात भर लाइट गुल होने से हम होमवर्क नही कर पाए । सुबह सुबह 7 बजे कुछ गांवो में लाइट आई और लोग पानी भी घर के लिए भर पाए । मोबाइल की बैटरी भी कम हो गई थी लेकिन लाइट ना होने के कारण मोबाइल स्विच ऑफ से भी परेशान दिखे । कई गांवों में सुबह 7 बजे के बाद बिजली सुबह से आने के बाद लोगो में मुस्कराहट दिखी ।

### आईटीआई खरसिया में एसटीसी प्रमाण-पत्र उपलब्ध

रायगढ़, 9 अप्रैल। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया, जिला-रायगढ़ में प्रशिक्षण सत्र 2005 से 2008 तक के व्यवसाय-फिटर एवं प्रवेश सत्र 2009 से 2017 व्यवसाय कोपा के प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी जो कि राज्य व्यवसायिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, उनका एसटीसी प्रमाण-पत्र संस्था में उपलब्ध है। अतएव वे प्रशिक्षणार्थी जो संस्था में उक्त प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षणरत थे वे संस्था में आकर अपना एसटीसी प्रमाण-पत्र कार्यालय के प्रशिक्षण शाखा से प्राप्त कर सकते है।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्थ करने अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद 9 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदान के दौरान मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उसके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने जिला स्तर पर श्रीमती संगीता, सिंह उप संचालक समाज कल्याण विभाग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।इसी तरह मतदान के दौरान दृष्टिबाधिक दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु डमी ब्रेल बैलेट शीट के मुद्रण का कार्य किए जाने हेतु श्रीमती संगीता सिंह, उप संचालक समाज कल्याण (99079-82410) को आदेशित किया गया है।

### 19 अप्रैल से 1 जून तक एक्जिट पोल के आयोजन, प्रकाशन व प्रचार पर प्रतिबंध

महासमुंद 9 अप्रैल । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126(क)(ख) के तहत शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को पूर्वाह्न 07:00 बजे से शनिवार 01 जून 2024 को अपराह्न 06:00 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) के लिए प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है।

अधिसूचना के अनुसार कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, ना ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार तथा किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा।

इस संबंध में एमसीएमसी के नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

## एक नजर

### वनों को आग से बचाइए,वन है तो जीवन है: हारुन मानिकपुरी



**छुरिया 9 अप्रैल।** वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि विशाल रुप में फैले जंगल के किसी एक भाग में कड़कती धूप में आग लगने से दूर तक इसका असर होता है। और जंगल में रहने वाले चिंटी से लेकर हाथी तक जीव-जंतु और हरे भरे पेड़ पौधे जलकर राख हो जाते है। और धूएं के माध्यम से प्रदुषण भी फैलता है। कई बार बांस प्लान टेंशन में बांस का घर्षण से भी अचानक आग लग जाता है। जीवन चलाने के लिए जंगल का होना अति आवश्यक है। वन विभाग द्वारा हरियाली प्रसार योजना, निशुल्क पौधा वितरण योजना, मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के अंतर्गत भी अभियान चलाया जाता है।

### बैठक में न्याय, गारंटी घर घर पहुंचाने पर जोर



**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव में कार्यकारिणी अध्यक्ष रोहित चंद्राकर पांच सेक्टर बैठक पूर्ण कर बूथ बैठक आमसभा तैयारी कायकर्ताओं मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी भूपेश बघेल के राहुल गांधी एवं कांग्रेस गारंटी योजना को हर घर तक पहुंचाने के हम सबके जिम्मेदारी है केंद्र गलत नीतियों तथा महंगाई निजीकरण को आम मतदाताओं बताओ तथा कांग्रेस वोट दो अपील के साथ निवेदन करो सिंघोला उसडीबोड सुरगी जंगलेसर भर्रगांव में बैठक लिया साथ में जिलाध्यक्ष भागवत साहू जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र साहू सेक्टर प्रभारी ईश्वर निषाद चैन साहू गुमान ढीमर तेजेन्द्र वैष्णव उम्र ठाकुर सरपंच लोकेश गंगवीर दिललु साहू चेतना चंदाकर राजेन्द्र साहू दिलीप चंदाकर सहित 30 गांव बूथ प्रभारी कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

### 85 वर्ष से अधिक व दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा देने अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी 9 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज जिला पंचायत सभा कक्ष में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदाय करने माईक्रो ऑब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01 को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डाक मत का महत्व, डाक मत पात्रता, प्रकिया, डाक मत सुविधा केन्द्र, सुविधा केन्द्र पर मतदान पूर्व प्रक्रिया, डाक मत सुविधा केन्द्र पर मतदान, डाक मत अभिप्रमाणन, सुविधा केन्द्र मतदान समापन, अनुपस्थित मतदाता इत्यादि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में यह भी बताया कि आयोग ने विशेष वर्ग के मतदाताओं को अनुपस्थित मतदाता का दर्जा देते हुए डाक मत का अधिकार दिया है। आवश्यक सेवा मतदाताओं को सुविधा केन्द्रों पर ही मतदान करना होगा, लेकिन वरिष्ठ नागरिक (85 वर्ष और अधिक आयु के) मतदाता, दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले) अनुपस्थित मतदाता के लिए आयोग ने घर-घर जाकर मतदान करवाने का निर्णय लिया है। इन श्रेणियों के मतदाता प्रारूप 12-घ में आवेदन कर अपना पंजीयन करवाते हैं। मतदान अधिकारियों का एक दल स्थानीय बी.एल.ओ. के साथ पुलिस सुरक्षा में और अभ्यर्थियों की जानकारी में और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इन मतदाताओं के घर जायेगा। प्रशिक्षण में एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिछड़े एवं आदिवासी संस्कृति का पुनरुत्थान मोदी ने किया: संतोष पांडे

**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज दूरस्थ वनवासी ग्राम खडगांव एवं औंधी क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम बोरिया, दिघवाडी, वासडी, घोटिया, धोदरी,भरीटोला, कहडबरी, नेडगांव, जबकसा, कदाड़ी, सीतागांव एवं आंधी पहुंचे। सभी गांव में सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल था। ग्रामीणों ने उत्साहित स्वर में इस बार 400 पार के नारे लगाए। उनके ऊपर फूलो की वर्षा की गई। अनेक स्थनों पर आयोजित सभाओं में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर पिछड़े एवं आदिवासी नागरिकों का उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पूरे क्षेत्र में जितनी भी सड़क बनाई गई हैं और दूरस्थ छोटे-छोटे गांव में हर घर के बाहर जो नल लगा है, वह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण हुआ है, यह योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के तहत मोदी सरकार की देन है। पांडे ने लोगों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी गांव की मूलभूत समस्याओं को दूर करना चाहती है, छोटे-छोटे गरीब लोगों का भला करना चाहती है, इसलिए घर घर में उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर भेजकर, मुफ्त में अनाज भेजकर एवं प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से पक्के मकान बनाकर, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीबों का बड़े-बड़े अस्पताल में इलाज करने की सुविधा भाजपा शासन काल में ही संभव हो सकी है।उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी वोट की राजनीति नहीं करती, वह गरीब आदमी के जीवन के स्तर को ऊपर उठाना चाहती है, इसीलिए पिछड़े होने के कारण इस क्षेत्र का कायाकल्प बदलने का कार्य केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने किया है। इस क्षेत्र को सिक्सलेन के माध्यम से हैदराबाद तक जोड़ना और विकास की किरण को ग्रामीण परिवेश में उतारने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है, श्री पांडे ने कहा कि पुल पुलिया एवं किसानों को कृषि पंप की मूलभूत सुविधाएं मानपुर मोहला में भाजपा शासनकाल में ही मिल सकी है, जिसके कारण यहां पनपने वाले नक्सलवाद की धार कमजोर हुई है। पिछले 15 वर्षों के डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में इस क्षेत्र में सर्वाधिक विकास के कार्य हुए।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई आदर्श आचार संहिता की जानकारी

## द्वितीय रेंडमाईजेशन 15 अप्रैल को, 18 अप्रैल को मशीनों की कमिशनिंग



**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेन्द्र कुमार, व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन की उपस्थिति में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। राजनीतिक दलों द्वारा अधिकृत एजेंट रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान जरूर उपस्थित रहें। डाक मतपत्र के माध्यम से 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करने के दौरान सूचना दी जाएगी। टीम के साथ राजनीतिक दलों के अधिकृत एजेंट अवश्य जाएं तथा स्ट्रांग रूम में सीलिंग की प्रक्रिया के दौरान जरूर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना मिलने पर जरूर उपस्थित रहें। पुलिस प्रेक्षक श्री योगेन्द्र कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप भय मुक्त वातावरण में नागरिक मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तथा अन्य स्थानों में मतदाताओं को किसी प्रकार की धमकी, अवैध सामग्री का वितरण, अभ्यर्थी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुददों के संबंध में सूचना प्रदान करें। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने कहा। व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से एक पृथक बैंक खाता रखना अनिवार्य है। निर्वाचन के दौरान सभी प्रकार के व्यय इसी खाते से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थी 95 लाख रूपए से अधिक व्यय नहीं कर सकते हैं। इस दौरान खाते के सत्य प्रतिलिपि को भी प्रस्तुत करना है। लेखा पंजी की जांच अभ्यर्थी को लेखा दल से कराना है। 12 अप्रैल, 18 अप्रैल एवं 23 अप्रैल 2024 को इसके लिए नियत किया गया है। इन तिथियों में अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता लेखा पंजी के साथ कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव में लेखा दल के समक्ष उपस्थित होकर लेखा जांच कराएंगे।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्य किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत कुल 15 अभ्यर्थियों के मध्य निर्वाचन होगा। ईव्हीएम व वीवीपैट एवं मतदान सामग्री का वितरण 25 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 7 बजे से संबंधित जिले के विधानसभा हेतु नियत स्थल पर किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा एवं निर्वाचन से संबंधित किसी भी बात के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। सभी राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता का पालन करें तथा नियमों के दायरे में रहते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य करें। उन्होंने बताया कि मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के एजेंटों को इस संबंध में सूचना प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य श्रेणी अंतर्गत पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की गई है। भारत निर्वाचन आयोग से स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को डाकमत पत्र की सुविधा प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि किसी तरह का खतरा होने पर अभ्यर्थी को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के दौरान, नियमों का पालन करें।

## रक्षित केंद्र राजनांदगांव में तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** 7 अप्रैल को रक्षित केंद्र राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया। तीरंदाजी सीखने के इच्छुक बच्चों को प्रशिक्षण व जरूरी संसाधन मुहैया कराने के लिए प्रशिक्षण कैंप की शुरुआत की गई है। अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा इच्छुक बच्चों को मुक्त में तीरंदाजी के गुर सिखाएंगे। तीरंदाजी को बढ़ावा देने व इससे जुड़े खिलाड़ियों के संवर्धन के लिए विगत वर्षों से राजनांदगांव पुलिस द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसपी गर्ग ने कहा कि बच्चे खूब मेहनत और लगन से यह प्रशिक्षण ले। जिला एवं राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन करें बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम निरंतर बच्चों को जो भी सहयोग चाहिए मुहैया करवाते रहेंगे। इसी प्रकार पुलिस भर्ती आर्मी तथा अग्निवीर भर्ती के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा निःशुल्क का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान रक्षित केंद्र राजनांदगांव निरीक्षक श्री अरविंद साहू व पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं प्रशिक्षणरत बच्चे उपस्थित थे।

## मां कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 अप्रैल।** विगत 7 अप्रेल को डोंगरगर नगर साहू समाज ने 1008 वी मां कर्मा जयंती मनाई गई। नगर साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में साहू समाज का दबदबा है चुकी मां कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी हैं आज डोंगरगढ़ नगर में भी कर्मा जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया नगर में मां कर्मा युवा समिति के द्वारा जगह-जगह पानी नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी शोभायात्रा पुराना साहू धर्मशाला से मां कर्मा की पूजा अर्चना कर निकाली गईं न्यू कर्मा भवन में संपन्न हुआ मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री खिलावन साहू जी साहू जी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहू जी हमारे जिला के सम्मानित अध्यक्ष भागवत साहू जी जिला साहू संघ संरक्षक डॉ नरेंद्र साहू जी जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू जी जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू जी जिला के महामंत्री निल्मिणी साहू जी तहसील साहू संध के अध्यक्ष हंसराज साहू जी डोंगरगढ़ नगर के पूर्व अध्यक्ष शिवसाहू नगर के संरक्षक ईश्वर साहू जी अतिथियों की उपस्थिति रही नगर कोषाध्यक्ष आशीष साहू नगर उपाध्यक्ष गिरीश साहू कामेश्वर प्रसाद साहू एकिनक्षक पुष्पेंद्र साहू महिला सचिव पूर्णिमा साहू महिला मंडल अध्यक् ऐनू साहू नवयुवक महिला मंडल अध्यक्ष हेमिन साहू लेखनी साहू सुजात साहू आशा साहू धर्म दास साहू लोकेश्वर साहू खुमान साहू कमल साहू अभिषेक साहू समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



## व्यवसायी के 30 लाख रुपये लेकर एक साल से फरार 2 आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** 29 अप्रैल को प्रार्थी सी वेंकट राम रेड्डी पिता श्री सी0 एच0 नारायण रेड्डी उम्र 41 वर्ष साकिन तुलसी टॉवर एफ0सी0आई0 रोड़ राजनांदगांव कारिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका नौकर सल्ला विनय जो इसके पास विगत 05 वर्षो से काम कर रहा था, जो कि लेवर पेमेंट एवं गाड़ी के भाड़े का पैसा 30.00000 रूपये को इसके पास रखवाकर काम से बीजापुर (बस्तर) गया था, जो वापस आकर देखा तो, नौकर सल्ला विनय उक्त रकम को लेकर फरार हो जाना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 387/2023 धारा 406 कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपियो का लगातार पता तलाश किया जा रहा था, कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपीगण तेलंगाना में भेष बदल-बदल घुम रहे है, कि सूचना पर थाना कोतवाली से तत्काल पुलिस टीम हैदराबाद (तेलंगाना) रवाना कर आरोपीगण 01. सल्ला विनय उर्फ व्यकटेश पिता महेश रेड्डी उम्र 31 वर्ष साकिन सेकेण्ड जोन मंदमारी थाना मंदमारी जिला मंचीरियाल तेलंगाना 02. पोटु सुरेन्द्र रेड्डी पिता महेश्वर रेड्डी उम्र 27 वर्ष साकिन धरमावरम मण्डल भीमावरम थाना भीमावरम जिला मंचीरियाल तेलंगाना को हैदराबाद में घेराबंदी कर हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया, पूछताछ पर आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर आज दिनांक 08.04.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### मोदी के नेतृत्व में देश का संविधान सुरक्षित: सिंह

**राजनांदगाँव 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन गत दिवस पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुषाभाऊ ठाकरे परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रदेश के सभी 33 जिलों के अधिवक्ता प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अधिवेशन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सहसंघठन मंत्री शिवप्रकाश सिंह ने कहा की वस्तुतः देश का संविधान मोदी जी के नेतृत्व में पूर्णतः सुरक्षित हैं, देश संविधान व कानून के आधार पर ही चल रहा हैं। देश में यदि किसी को खतरा हैं तो वह भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों को हैं। जैसे प्रभु श्रीराम के श्रीलंका की ओर एक-एक कदम बढ़ने से रावण चिंतित होता था, भगवान कृष्ण के जीवित रहने की खबर सुनकर जैसे कंस रोज चिंतित होता था, वैसे ही भ्रष्टाचारी आज मोदी

## डोंगरगढ़ में यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है

# मॉ बम्लेश्वरी चैत्र नवरात्रि मेला में 800 से अधिक पुलिसकर्मी किए गए हैं तैनात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 9 अप्रैल।** यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु - 1- ऊपर मंदिर गर्भगृह, 2- रोपवे नीचे एवं ऊपर, 3- ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, 4- क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, 5- गोताखोर पार्टी, 6- बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। दिनांक 09.04.2024 से 17.04.2024 तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्री बी.पी.राजभानू, सेनानी 08 वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मॉ बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अति0पु0अधी0 नक्सल ऑपरेशन राज. मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, उप सेनानी 07 वीं. वाहिनी छसबल भिलाई मीता पवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, उप पुलिस अधी. अजाक तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अनु.अधि. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, उप पु.अधी. पीटीएस अंजली ऐरेवार, उप पु.अधी. नक्सल सेल राज. अजीत ओगरे, उप पु.अधी. दुर्ग एलेक्जेण्डर किरो, उप पु.अधी. बेमेतरा कौशिल्या साहू, सहायक सेनानी 08 वीं वाहिनी राज. हरीश टोण्डर, उप पु.अधी. मुंगेली नवनीत पाटिल, सहायक सेनानी 03 वीं. वाहिनी छसबल अमलेश्वर अनिता सागर, सहायक सेनानी 14 वीं वाहिनी बालोद अजीत सिंह यादव, उप पुलिस अधी. रायगढ़ अनामिका जैन, उप पु.अधी. .कोरिया जे.पी. भारतेन्दु , प्रशिक्षु उप पु.अधी. राजनांदगांव नवीन एक्का एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत 15 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव



**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत कुल 15 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल के समक्ष आज चार अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया। निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन लडने वाले बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) को हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री भूपेश बघेल को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री संतोष पाण्डेय को कमल, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी श्री नारद प्रसाद निषाद को गैस सिलेण्डर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी श्री रमेश राजपुत को बाँसुरी, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी श्री रामफल पाटिल को हीरा, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर को बाल्टी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी श्री लाखन सिंह टंडन को नारियल फार्म तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अजय पाली को गन्ना किसान, त्रिवेणी पडोती को ऑटो-रिक्शा, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम को चारपाई, श्री भुवन साहू को सीसीटीवी कैमरा, श्री विशेष धमगाये को सिलाई की मशीन, श्री एएच सिद्दीकी को सीटी, श्री सुखदेव सिन्हा को अलमारी प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगा। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

### गांव-गांव में महिलाएं शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को कर रही जागरूक

**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रहीं है। महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम शिवनीकला, घोटिया, धारा, आलीवारा, सलटिकरी, धोबेदंड, अलकन्हार, हाथीकन्हार, चिल्हाटी, हालमकोड़ो, दनगढ़, गैंदाटोला, विचारपुर, जोशीलमती, अछोली, जंगलपुर, कंगलूटोला, कु. भाठागांव, रूपाकाठी, पेंड्रीकला, आल्हानवागांव, बोगाटोला, कोकपुर, आसरा, माथलडबरी, बरगांव, चांदो, बड़भूम, नवागांव, चिचोला, तोतलभर्री, सहसपुर सहित 100 से अधिक ग्रामों में अब तक लगभग 12 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया है और शपथ लेने का कार्य निरंतर जारी है। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का वोट वचन का शपथ ले रहीं है। महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के अधिकार तथा मतदान का उपयोग करने के संबंध में ग्रामीणों को प्रेरित और शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।



### कार्यकर्ता अपना बूथ जिताकर पुनः मोदी सरकार लाने कमर कस के तैयार है: गीता घासी साहू



**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू खुज्जी विधानसभा के प्रत्येक बूथ में जाकर अपना बूथ सबसे मजबूत की कल्पना को साकार करने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रही है। जिसके अंतर्गत खुज्जी विधानसभा के ग्राम मक्के , तिरपेमेटा, रेंगाकठेरा, जरहाटोला, सिंघाभेड़ी,जंतरगुंडरा, रैनूटोला, राजाटोला, आमाटोला, बिटाल मे कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बैठक लेते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का लक्ष्य अबकी बार 400 पार एवं केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनाने एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय श्री दिलाकर मोदी जी के हाथों को और मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाई गई की किस प्रकार से अपने बूथ को मजबूत कर विजय श्री हासिल कर सके।जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि पुनः मोदी सरकार लाने कार्यकर्ता अपना बूथ जिताने कमरकस के तैयार है, निरंतर बूथ कार्यकर्ताओं को संपर्क करते हुए घर-घर जाकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए दिढ संकल्पित कर रहे हैं। बूथ स्तरीय बैठक मे मुख्य रूप से राजनांदगाव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, राजेश सिंघी वरिष्ठ भाजपा नेता,श्रीमती कमलेश, श्यामा बाई निवरे सहित बूथ कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### लेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान पूर्व तैयार करने का कार्य 18 अप्रैल को

**धमतरी 9 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय रेण्डमाईजेशन उपरांत लोकसभा क्षेत्रवार/ मतदान केन्द्रवार आबंटित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान पूर्व तैयार (कमिश्निंग) करने संबंधी कार्य आगामी 18 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शुरू किया जायेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी सुश्री नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को कमिश्निंग कार्यस्थल शासकीय भोपाल राव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज में सुबह 6 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि पूर्व में कमिश्निंग कार्य सुबह 9 बजे से किया जाना था, जिसमें आंशिक संशोधन कर अब सुबह 7 बजे से कमिश्निंग कार्य किया जायेगा।

## संपादकीय

# अपनी बात कहना भी तो एक कला है

बड़ी से बड़ी बात सरलता से कही जा सकती है। बशर्ते अपनी बात सरलता से कहना आना चाहिए। अपनी बात और बड़ी से बड़ी बात सरलता से कहना एक कला है, यह कला सबके पास नहीं होती है। किसी के किसी के पास यह कला होती है। जिसके पास यह कला होती है वह अपनी बात लोगों तक बिना किसी विवाद के पहुंचा सकता है। वह किसी का नाम लिए बगैर भी अपनी बात कह सकता है लोग समझ जाते हैं कि यह बात किसके लिए की गई है। वह व्यक्ति भी समझ जाता है जिसके लिए यह बात कही गई होती है। कोई बात कहना तब ही सार्थक होता है जब सभी को आसानी से समझ में आ जाए। अगर कोई बात कही गई है और किसी को समझ नहीं आई या कानूनी विवाद हो गया तो कहने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। हमारे देश की राजनीति में ऐसे नेता बहुत कम हैं जो अपनी बात सरलता से लोगों तक पहुंचा सकते हैं। वर्तमान में ऐसे एक नेता हैं पीएम मोदी। वह अपनी बात अपने विरोधी व समर्थकों सहित जनता तक इतनी आसानी से पहुंचा देते हैं कि लोगों को आश्चर्य होता है कि वह इतनी सरल भाषा गढ़ कैसे लेते हैं कि बात सब तक पहुंच जाती है और सब समझ भी जाते हैं कि पीएम मोदी ने कहा क्या है। देश की राजनीति में राम मंदिर का मुद्दा एक बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे से पूरा देश प्रभावित है। यह चुनाव में भी एक निर्णायक मुद्दा बन सकता है। राम मंदिर के निर्माण को लेकर देश दो भागों में बंटा हुआ है। एक राम मंदिर निर्माण के समर्थक है और दूसरे विरोधी हैं। एक चाहते थे कि राम मंदिर का निर्माण हो, एक चाहते थे कि राम मंदिर का निर्माण ही न हो। राम मंदिर में राम लला के विराजने का दिन इस देश में एक ऐतिहासिक दिन माना जाता है। इस दिन देश भर के तमाम समाज दलों सहित हर वर्ग के लोगों को बुलाया गया था। कुछ लोग बुलाने पर भी नहीं गए थे। एक तरह से कार्यक्रम का बहिष्कार इस आधार पर किया था कि यह एक पार्टी का राजनीतिक कार्यक्रम है। राम में आस्था रखने वाले लोग मानते हैं जिन लोगों ने राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए,, उन्होंने गलत किया है, उन्होंने पाप किया है। ऐसे लोगों को हर तरह से विरोध किया जाना चाहिए । देश में चुनाव हो रहा है तो चुनाव में उनका विरोध वोट न देकर किया जाना चारिहए और उनके पाप कर्म की याद दिलानी चाहिए। पीएम मोदी देश की जनभावना से गहरे से जुड़े हुए हैं। वह जानते हैं कि इस भावना का अपमान करने वालों को जनता को ही सजा देना चाहिए। यह बात उन्होंने कही लेकिन ऐसे कही कि कोई उसे गलत नहीं कह सकता, कोई विवाद हो नहीं सकता,कोई चुनाव आयोग में शिकायत नहीं कर सकता कि पीएम मोदी ने कुछ गलत कहा है। उन्होंने हाल ही चुनाव प्रचार के दौरान लोगों से बस इतना कहा कि रामनवमी आ रही है पाप करने वालों को भूलना मत। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया और लोगों को याद दिला दिया कि इस देश में पाप किन लोगों ने किया है। उनके साथ कैसा व्यवहार चुनाव में करना है, यह भूलना नहीं है। पीएम मोदी जानते हैं कि जनता को कुछ बातें निरंतर याद दिलानी पड़ती है और वक्त वक्त पर लोगों को याद दिलाते रहते हैं कि हमारी संस्कृति, हमारे धरोहर, हमारी विरासत को कुछ लोग निरंतर नुकसान पहंचाते रहे हैं, इन लोगों से अपनी विरासत व संस्कृति व धरोहर को बचाना है तो इनको कभी सत्ता में मत आने दो। बस तुमको चुनाव के वक्त यह याद रखना है कि ऐसी राजनीतिक ताकतों के साथ तुमको क्या करना है। उन्होंने कांग्रेस का नाम नहीं लिया लेकिन देश के लोग जानते हैं कि राम मंदिर के विरोध का पाप किसन किया है, राम लला के विग्रह के प्राणप्रतिष्टा समाराह के विरोध का पाप किसने किया है। कांग्रेस नेताओं ने राममंदिर का विरोध जब किया था और समारोह में नहीं गए थे तब ही पार्टी के भीतर विरोध हुआ था और वह विरोध अब तक जारी है लोगो राम व सनातन के विरोध के कारण कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं। इससे साबित होता है कि कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध कर ऐसी गलती की है जिसका खामियाजा पार्टी को इस चुनाव में तो भुगतना ही होगा। बहुसंख्यक समाज उसे बताएगा कि राम के विरोध का नुकसान किसी दल को कितना और कैसा हो सकता है।

हिंदू नव वर्ष

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

# हिंदू नव वर्ष की सार्थकता वैज्ञानिकों ने भी मानी



भारतीय पंचांग के अनुसार हमारा नया साल प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है । इस दिन हम नए विक्रम संवत का आगाज करते हैं । इस वर्ष यह शुभ तिथि 9 अप्रैल को नए उत्साह के साथ हमें विक्रम संवत 2081में प्रवेश दिलाने जा रही है । हिंदू धर्मावलंबी एवं सनातन धर्म को अंगीकार करने वाला हर व्यक्ति यह जानता है कि हम अपने नए वर्ष के उत्साह में फूहड़ता समझे जाने वाले किसी भी आयोजन से दूर रहते हैं । कितने गौरव की बात है कि हमारा नया वर्ष हमें मां भगवती की नौ दिनों की आराधना से जोड़ते हुए भक्ति और श्रद्धा का अनुपम आनंद प्रदान करता है । हिंदू धर्म को मानने वाले यह जानते हैं कि भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है । हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है । साथ ही यह भी देखने में आता है कि नव - वर्ष के प्रथम दिन से ही प्रकृति का वातावरण सुखद होने लगता है । हमें गर्व है अपने ऋषि - मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की , जिसमें कब क्या होना है ? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है । हमारा इतिहास बताता है कि बीते हजारों वर्षों में अनेक देशी और विदेशी शासकों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा राजनैतिक दृष्टि से देश को पराधीन बनाने की मंशा के साथ अनेक संवतों को चलाया । इतना कुछ होने के बाद भी भारतवर्ष की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रम संवत के साथ ही जुड़ी रही । नव - वर्ष के संदर्भ में महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही दिन - मास - वर्ष और युगादि का प्रारंभ माना है । इतिहास उठाकर देखा जाए तो युगों मे प्रथम युग सतयुग का शुभारंभ भी इसी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हुआ था । कल्पयादि- सृष्टियादि - युगादि आरंभ को लेकर इस दिवस के साथ प्राचीनता का इतिहास मिलता है । सृष्टि की रचना को लेकर भी ऋषि - मुनियों तथा वैदिक गणित के विद्वानों ने इसी दिवस की गणना की है । हमारे शास्त्रों में लिखा गया है

चैत्र - मासि जगदब्रह्मा , ससर्ज प्रथमेहनी ।
शुक्ल - पक्षे समग्रे तु , सदा सूर्योदये सति ।।

गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी इसी दिन को आधार मानते हुए गणना कर पंचांग की रचना की । यही विभिन्न ग्रहों , चंद्रमा एवं सूर्य की गति एवं दिशाओं का उतनी प्रामाणिकता के साथ निर्धारण करता है , जितना कि आज का आधुनिक सैटेलाइट । हिंदू नव - वर्ष में रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं । ठंड की समाप्ति और ग्रीष्म का प्रारंभ अत्यंत ही मधुर व आनंददायक आगमन का अनुभव देता है । पतझड़ समाप्त होता है और बसंत ऋतु के आगमन का आगाज होने लगता है । प्रकृति में हर जगह हरियाली छा जाती है । ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे प्रकृति ने नव - श्रृंगार किया हो । चैत्र शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन का सूर्योदय ही हमारे नए वर्ष का उदय है । यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि बिना पंचांग और कैलेंडर के , प्रकृति और आकाश को पढ़कर हिंदू धर्मावलंबी अपने नए - वर्ष को पा लेते हैं । ऐसा दिव्य नव - वर्ष अन्य किसी धर्म में दुर्लभ है । भारतीय नव - वर्ष को ऐसे ही सर्वश्रेष्ठ नया वर्ष नहीं कहा जाता है । इसके पीछे की सार्थकता ही इसे महान बनाते हुए वैज्ञानिकता से जोड़ती है । हमारे नव - वर्ष को ही सृष्टि रचना का प्रथम दिन माना जाता है । हमारे दुर्लभ ग्रंथों में यह बात सामने आती है कि इसी दिन से 1 अरब 97 करोड़ 39 लाख 49 हजार 109 वर्ष पूर्व सूर्योदय से ब्रह्मा जी ने इस सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी । विक्रमी संवत का पहला दिन उस राजा के नाम पर प्रारंभ किया जा सकता था जिसके राज्य में न कोई चोर हो , न अपराधी हो और न ही कोई भिक्षुक हो । साथ ही उक्त राजा चक्रवर्ती सम्राट हो । ऐसे ही राजा विक्रमादित्य ने 2080 वर्ष पूर्व इसी दिन राज्य की स्थापना की थी । हमें धर्म - शास्त्र बताते हैं कि इसी दिन मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक किया गया था । समाज को श्रेष्ठ मार्ग पर ले जाने हेतु भी इसी दिन स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी । सिंध प्रांत के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरुणावतार संत झूलेलाल का प्रकटोत्सव दिवस भी पूरे समाज को आनंदित करता आ रहा है । आकाश में ग्रहों की स्थिति सूर्य से प्रारंभ होकर क्रमशः बुध , शुक्र , चंद्र , मंगल , गुरु और शनि की है । पृथ्वी के उपग्रह चंद्रमा सहित इन्हीं अन्य छह ग्रहो पर सप्ताह के सात दिनों का नामकरण किया गया । यह हमारे भारतीय पंचांग की विशेषता कही जा सकती है कि तिथि घटे या बढ़े किंतु सूर्य ग्रहण सदैव अमावस्या को ही होगा और चंद्र ग्रहण पूर्णिमा को । इसमें कभी कोई अंतर आ ही नहीं सकता है ।




**हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है । साथ ही यह भी देखने में आता है कि नव - वर्ष के प्रथम दिन से ही प्रकृति का वातावरण सुखद होने लगता है । हमें गर्व है अपने ऋषि - मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की , जिसमें कब क्या होना है ? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है ।**

सनातनी नव - वर्ष को लेकर महान दार्शनिक और संत विवेकानंद जी ने कहा है - यदि हमें गौरव से जीने का भाव जगाना है, अपने अंतर्मन में राष्ट्र भक्ति के बीज को पल्लवित करना है , तो राष्ट्रीय तिथियों का आश्रय लेना होगा । गुलाम बनाए रखने वाले लोगों की दिनांकों पर आश्रित रहने वाला अपना आत्म गौरव खो बैठता है । हिंदू नव - वर्ष का दिन हमारे मन में यह उद्घोष जगाता है कि हम पृथ्वी माता के पुत्र हैं । सूर्य , चंद्र तथा नवग्रह हमारे आधार हैं । प्राणी मात्र हमारे पारिवारिक सदस्य हैं । यही कारण है कि हमारी संस्कृति का बोध वाक्य वसुधैव कुटुंबकम् को सार्थकता प्रदान करता है। हम पर अनेक आतताई राजाओं ने अपना साम्राज्य स्थापित कर हमें मिटाने का प्रयास किया , किंतु हमारे राष्ट्र की जिजीविषा ने , शास्त्रों में निहित अमृत रस ने , हमारे राष्ट्र को मरने नहीं दिया । भारतीय नव - संवत्सर के दिन हम भारतीय लोग पूजा - पाठ से अपना नाता जोड़ते हैं । तीर्थ स्थानों में जाते हैं । तामसी पदार्थों से दूरी बना ली जाती है । इसके विपरीत विदेशी नव वर्ष के आगमन से पूर्व मांस - मदिरा , अश्लील कार्यक्रमों का रसपान शुरू कर दिया जाता है । विक्रमी संवत के स्मरण मात्र से ही सम्राट विक्रमादित्य और उनके विजय अभियान की याद ताजा हो जाती है । हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा हो जाता है । क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हम नव - वर्ष की शुरुआत गौ - माता की पूजा से करते हैं । बच्चों के जन्म से लेकर छोटा - बड़ा सामान खरीदना , घर बनवाना और मंगल प्रवेश करना , शादी - विवाह , मृत्यु अथवा जीवन के किसी भी पुण्य अवसर पर भारतीय पंचांग और शुभ तिथि पर ही आश्रित होते हैं । मैं अपने सभी हिंदू धर्मावलंबी तथा नव - संवत्सर को अंगीकार करने वालों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं कि उनके नव - वर्ष में हर पल मंगल और शुभकारी हो ।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से विवाद की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एकदुसरे की भावनाओं को समझेंगे। स्टूडेंट अपना कीमती समय सोशल मीडिया में खराब न करें, अपनी मेहनत जारी रखेंगे तो आपकी सफलता के जल्द ही योग बन रहे है आपकी जरा सी लापरवाही से आपको पछतावा हो सकता है।

मिथुन राशि:आज आपको लोगों का पूरापूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैत्रक सम्पति मिलने की संभावना है, जिससे आपके धनसंपत्ति में वृद्धि होगी। खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहेगा,कोई ग्राफिक डिजाइन सीखने का मौका मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचारविमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले भी पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जिस प्रकार से क्षमता बढ़ेगी, उस प्रकार से बड़े अवसर भी मिलेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

धनु राशिः आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाया है। आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे,आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखने की जरुरत है। आसपास के कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति ठीकठाक रहेगी। गंभीर बातचीत में आपको सफलता मिलने की संभावना है। रुके हुए कामों की शुरुआत होगी।

मकर राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नएनए विचार आयेंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जायेंगे, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आपके सोचे हुए काम आसानी से पूरे होंगे। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी।

मीन राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। कुछ लोगों के गलत बयान से आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ेगी, समय के साथ सब ठीक हो जायेगा। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा।

व्यंग्य

# सिगरेट की तरह जनता

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



मंत्री जी सेक्रेटरी के रग-रग से वाकिफ़ थे। उन्होंने सेक्रेटरी की चिंता का कारण पूछा। सेक्रेटरी ने कहा - साहब! पाँच साल पहले आप इसी तरह तैयार होकर भाषण देने गए थे और सौभाग्य से सांसद भी बन गए। लेकिन सच्चाई यह है कि आपका किया एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। ऊपर से आप जनता को पेयजल का देने की बजाय खुद आरओ वाटर का विज्ञापन करने लग गए। लोगों की चिंताएँ मिटाने की जगह खुद सिरदर्द का मलहम बेचने टीवी पर आने लगे। बिजली की समस्या को दूर करने की बजाय अपने ही संसदीय क्षेत्र में बैटरी विज्ञापन के होर्डिंगों पर टंग गए। बकासुर की तरह कइयों को खा जाने वाली सड़क की मरम्मत करने की बजाय आप लोगों को फलाना कंपनी की जीप खरीदकर इस पर चढ़ाई करने के लिए कह रहे हैं। गरीब किसानों को समर्थन मूल्य दिलवाने की बजाय कार्पोरेट कंपनियों का आटा बेच रहे हैं। अब बताइए हम किस मुँह से जनता का सामना करेंगे? अगर कहीं जनता भड़क गयी तो लेने के देने पड़ जायेंगे। मंत्री जी सिगरेट का कश लगाते हुए बड़े इत्मिनान के साथ कहा - देखो सेक्रेटरी! यह जनता भी बड़ी अजीब होती है। यदि वे मुर्गमुसल्लम खा रहे हों और उनसे वह थाली छीन ली जाए तो वे रोटी-सब्जी खाने लगते हैं। अगर रोटी-सब्जी छीन ली जाए तो चावल-दाल खाने लगते हैं। और चावल-दाल छीन ली जाए तो पानी पीकर रह जाते हैं। जनता बड़ी जुगाड़ु होती है। ऐसे में अगर उनसे यह वादा कर दिया जाए कि हम घर के प्रत्येक सदस्य को दस-दस किलो चावल मुफ्त देंगे तो वे अपना मुर्गमुसल्लम भुलाकर फिर से हम पर विश्वास करने लगेंगे। यह जनता किसी सिगरेट से कम नहीं है। पाँच साल तक इनका जितना कश लगाया जा सकता है, लगाओ और किए हुए वादों को धुएँ के माफिक़ हवा में गायब हो जाने दो। जनता हमेशा आज में जीती है। इसलिए तुम चिंता मत करो। मेरे पास जनता को बहलाने के बहुत सारे वादे हैं। वादों के दो बिस्कुट फेंकते ही कुत्ते की तरह दुम हिलाते हुए मेरे आगे-पीछे हिलने-डुलने लगेगी। सो जल्दी करो, कहीं विपक्षी नेता आकर हमसे बड़ा वादा न कर जाएँ।

## भुनते हुए अक्सर जल जाते हैं प्याज, इस तरह स्टेप बाई स्टेप करें फ्राई

प्याज एक ऐसी चीज़ है जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से खाना पकाने में करते हैं. किसी डिश के बेस को तैयार करने के लिए इसका विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है, जिससे स्वाद कई गुना बढ़ जाता है.

प्याज भुनना हर डिश को कुक करने का सबसे पहला स्टेप है और इसी में कई लोग गलती कर जाते हैं. अगर आपके प्याज भी भुनते हुए या तो जल जाते हैं या फिर कच्चे रह जाते हैं, तो यहां कुछ ट्रिक्स बताए गए हैं, उन्हें फॉलो करें.

प्याज को समान रूप से काटें. क्योंकि जिस तरह से आप अपने प्याज को काटते हैं, उससे उन्हें जलने से रोका जा सकता है. सबसे बेहतरीन परिणामों के लिए, आपको उन्हें एक बराबर काटना चाहिए. अगर आप उन्हें असमान रूप से काटते हैं, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि प्याज ठीक से नहीं पकेंगे.

धीमी-मध्यम आंच पर पकाएं. प्याज भूनते समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि आपने फ्लेम को कितना रखा है. अधिकांश लोग यह सोचकर फ्लेम हाई कर देते हैं कि इससे प्याज जल्दी भुन जाएंगे. लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि इससे स्थिति और खराब हो जाती है. आंच को हमेशा धीमी से मध्यम रखें, इससे प्याज अच्छे से पक जाएंगे.

पर्याप्त तेल का इस्तेमाल करें. प्याज भूनते समय आपको तेल की मात्रा का भी ध्यान रखना चाहिए. अगर पर्याप्त मात्रा में तेल नहीं होगा, तो वे ठीक से नहीं पकेंगे. हालांकि, बहुत कम या बहुत अधिक तेल मिलाना भी सही नहीं है.

लगातार प्याज को हिलाते रहें. एक बार जब आपके पास पैन में कटा हुआ प्याज और तेल हो, तो आपको उन्हें हिलाते रहना होगा. इससे हमारा मतलब यह नहीं है कि आपको लगातार ऐसा करने की ज़रूरत है, लेकिन कुछ मिनटों के अंतराल पर ऐसा करते रहें. यह प्याज को तवे पर चिपकने से रोकता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वे जलें नहीं.

नवरात्र

डॉ नीलम महेन्द्र

# नवरात्र मात्र उपवास और कन्या भोज नहीं है



चैत्र मास की शुक्लप्रतिपदा यानी नव संवत्सर का आरम्भ। ऐसा नववर्ष जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि में एक नईऊर्जा का संचार हो रहा होता है। एक तरफ पेड़ पौधों में नई पत्तियां और फूल खिल रहेहोते हैं तो मौसम भी करवट बदल रहा होता है। शीत ऋतु जा रही होती है, ग्रीष्म ऋतु आ रही होती है और कोयल की मनमोहककूक वातावरण में रस घोल रही होती है। देखा जाए तो प्रकृति हर ओर से नवीनता औरबदलाव का संदेश दे रही होती है। सनातन संस्कृति में यहसमय शक्ति की आराधना का होता है जिसे नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनोंतक देवी माँ के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। लोग अपनी श्रद्धा और सामर्थ्यके अनुसार इन दिनों उपवास रखते हैं और कन्याभोज के साथ माता को प्रसन्न करने काप्रयास करते हैं। दरअसल यह सनातन संस्कृतिकी महानता है कि इसमें अत्यंत गहरे और गूढ़ विषयों को जिनके पीछे बहुत गहरा विज्ञानछिपा है उन्हें बेहद सरलता के साथ एक साधारण मनुष्य के सामने प्रस्तुत किया जाताहै। इसका सकारात्मक पक्ष तो यह है कि एक साधारण मनुष्य से लेकर एक बालक के लिए भीवो विषय ग्रहण करना इतना सरल हो गया कि वो उनके जीवन का उनकी दिनचर्या का हिस्साबन गया। लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष यह हुआ कि वो गहरे विषय हमारी दिनचर्या तक हीसीमित रह गए और उनके भाव, उनके लक्ष्य हमसे कहींपीछे छूट गए। नवरात्र को ही लीजिए आजयह केवल उपवास रखने और कन्याभोज कराने तक ही सीमित रह गए। इसके आध्यात्मिकवैज्ञानिक और व्यवहारिक पक्ष के विषय पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता।

इसके वैज्ञानिक पक्ष कीबात करें तो नवरात्र साल में चार बार मनाई जाती हैं, चैत्र नवरात्र, शारदीय नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र। हर बार दो ऋतुओं के संकर काल में यानी एकऋतु के जाने और दूसरी ऋतु के आने के पहले। आज विज्ञान के द्वारा यह सिद्ध हो चुकाहै कि ऋतु संकर के समय मानव शरीर बदलते वातावरण से तारतम्य बैठाने के लिए संघर्षकर रहा होता है और इस दौरान उसकी पाचन शक्ति, उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण होती है। ऐसे समय मेंउपवास न सिर्फ मनुष्य के पाचन तंत्र को सुधारने का काम करता है बल्कि उसे डिटॉक्स करके उसमें एक नई ऊर्जा का संचार भीकरता है।



किंतु महत्वपूर्ण तथ्य यहहै कि नवरात्र का महत्व मात्र हमारे शरीर की शक्ति एवं उसकी ऊर्जा बढ़ाने तक हीसीमित नहीं है बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। नवरात्र का समय अपनी खगोलीय घटनाओं केकारण प्रकृति का वो समय होता है जब मनुष्य अपने मानव जन्म का सर्वश्रेष्ठ लाभ लेसकता है। नवरात्र का आध्यात्मिक पक्ष यह है कि इस समय मनुष्य अपनी शारिरिकशक्तियों से ऊपर उठकर अपने मानस एवं आत्मबल का विकास कर सकता है। नौ दिनों तक व्रतएवं व्रत के नियम हमें अपनी आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करने में मदद करते हैं। लेकिन वैज्ञानिक औरआध्यात्मिक पक्ष से इतर नवरात्र का एक व्यवहारिक पक्ष भी है। देखा जाए तो मां केनौ रूपों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने ये सभी नौअवतार इस धरती पर अधर्म और पाप के नाश दैत्यों के विनाश तथा धर्म की स्थापना केउद्देश्य से लिए थे। तो क्यों न हम भी इस समय का उपयोग अपने भीतर के पाप और अधर्मका नाश करने के लिए करें, अपने भीतर के शत्रुओं केविनाश के लिए करें। गीता में कहा गया है कि काम क्रोध लोभ मोह अहंकार और ईर्ष्यामनुष्य के सबसे बड़े शत्रु हैं। नवरात्र के दौरान हम माँ के हर रूप से सफलता केमंत्र सीखकर अपने भीतर के इन शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। अगर हमगम्भीरता से सोचें तो पाएंगे कि मां के हर रूप का नाम उनके व्यक्तित्व को परिभाषितकरते हुए हमें अनूठा संदेश देता है। जैसे मां शैलपुत्री (यानीहिमालय की पुत्री) से शिला अर्थात चट्टानकी तरह दृढ़ आत्मबल। मां ब्रह्मचारिणी (यानी ब्रह्म के समान आचरण) से अपने आचरण मेंअनुशासन। मां चंद्रघंटा ( इनके माथे पर चन्द्र के आकार का घण्टा है) से अपने मन कोकठिन से कठिन परिस्थिति में चंद्रमा जैसा शीतल यानी ठंडा रखना। मां कुष्मांडा (कूयानी छोटा ऊष्मा यानी ऊर्जा) से स्वयं को सदैव सकारात्मक ऊर्जा से भरे रखना। मांस्कंदमाता ( इनकी गोद में बालक कार्तिकेय हैं ) से अपने भीतर करुणा ममता प्रेम औरसंवेदनशीलता जैसे गुणों को हमेशा बना कर रखना। मां कात्यायनी (स्वास्थ्य औरचिकित्सा की देवी) से स्वास्थ्य की महत्ता क्योंकि स्वस्थ रहकर ही अपने लक्ष्योंको हासिल किया जा सकता है। माँ कालरात्रि ( महाशक्तिशाली और अपराजेय दैत्यों कानाश करने वाली) से जुनून की हद तक लक्ष्य हासिल करने का जज्बा क्योंकि इसके बिनाकठिन लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। मां महागौरी (ये गौर वर्ण की हैं) से जीवन केहर कदम पर अपना आचरण चरित्र और चित को उज्ज्वल एवं स्वच्छ रखना ताकि कहीं कोई दागलगने की गुंजाइश न हो। और अंत में मां सिध्दरात्री (सफलता देने वाली) जब हमनवरात्र में माँ के इन आठ रूपों की सच्चे मन से आराधना करते हैं तो मां सिध्दरात्री सफलता देती हैं। इसीप्रकार जब हम नवरात्र के व्यवहारिक पक्ष को अपने जीवन में उतार कर इन आठ सूत्रों को अपने आचरण में अनाएँगे तोनिसन्देह हमें सफलता की सिद्धि प्राप्त होगी। तो इस बार नवरात्र कोमात्र उपवास एवं कन्याभोज तक सीमित न रखें बल्कि इस बार नवरात्र में शरीर के साथसाथ मन और आत्मा को भी शुद्ध एवं डिटॉक्स करके अपने जीवन में नई ऊर्जा नई शक्ति कोमहसूस करें।

या देवी सर्वभूतेषुशक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

**लेखिका वरिष्ठ स्तम्भकारहैं।**

## जसगीत- तँय कब आबे मइँया


तँय कब आबे ओ मइँया,
मोर घर दुवारी अँगना।
तोर दर्शन पाये बर ओ,
मोर तरसत हावै नयना।।

तोर अगोरा मा ओ दाई,
मैं आस लगाये हावँव।
अँगना सुग्घर लिपवा के,
दियना जलाये हावँव।।
तँय कब आबे ओ मइँया..।।

टिकली फुंदरी चुरी मुंदरी,
लाली चुनरी मँय लानेंव।
तोर सिंगार करे बर दाई,
सोला साज मँय राखेंव।।
तँय कब आबे ओ मइँया..।।

आनी-बानी फूल मंगायेंव,
घर अँगना ला महकायेंव।
चंपा चमेली गुलाब गोंदा,
मोंगरा के गजरा बनायेंव।।
तँय कब आबे ओ मइँया...।।

भोग लगाये बर रोटी-पीठा,
ठेठरी-खुरमी मँय बनायेंव।
खीर हलवा बरा-सोंहारी,
तोर बर माता मैं लायेंव।।
तँय कब आबे ओ मइँया.।।



राजकुमार निषाद'राज'
बिरोदा धमधा जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़

**एक नजर**

### विद्यार्थियों ने माता-पिता को पत्र लिख मतदान के लिए जागरूक किया



**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश और स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अनुरोध पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के 02 हजार 597 विद्यालयों एवं छात्रावासों से कक्षा 01 से 12वीं तक अध्ययनरत लगभग 1.12 लाख विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई और अपने-अपने माता-पिता को अनुरोध पत्र लिखकर अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया। सभी विद्यार्थियों ने अनुरोध पत्र में लिखा है- ''हमारा भविष्य देश के मजबूत लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है और मजबूत लोकतंत्र आप सबकी भागीदारी से ही साकार हो सकता है।'' सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों से अनुरोध किया कि आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा आम निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में अपना योगदान दें।

### सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने सोमवार को मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



**जगदलपुर 9 अप्रैल।** किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं, अचानक आने वाली समस्या का निराकरण शांत दिमाग से करना होगा उक्त बातें सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने मतदान दलों के प्रशिक्षण सत्र में कही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सवाल किए कि क्या कोई मतदान केंद्र में हथियार के साथ आ सकता है, मॉकपोल के दौरान कितने ऐजेंट रह सकते हैं। प्रशिक्षण ले रहे मतदान दलों ने बखूबी से जवाब दिया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने सोमवार को मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक श्री गणेशन ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण ले रहे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 तथा संगवारी मतदान दलों के रिजर्व दल से मतदान के दिन मॉकपोल से लेकर मतदान समापन तक की जाने वाली हर गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही सभी जरूरी प्रपत्रों का समय पर अद्यतन करना, समय समय पर दी जाने वाली जानकारी के संबंध में भी संज्ञान लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### रोजगार दिवस पर मनरेगा के 43 हजार 226 श्रमिकों ने शत प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

**धमतरी 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की शत्प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत नियोजित 43 हजार 2 सौ 26 श्रमिकों ने रोजगार दिवस आयोजन में शत्प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। जिले के विकासखंड धमतरी में 12 हजार 52, कुरूद में 13 हजार 145, मगरलोड में 6 हजार 315, नगरी 11 हजार 714 के ग्रामीण श्रमिकों को निर्वाचन से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया तथा जिला धमतरी वोट सर्वोपरि, सशक्त लोकत्रंत में पहचान सशक्त नारी शत्प्रतिशत मतदान युवा होने की जिम्मेदारी लोकतंत्र में भागीदारी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया वहीं शत्प्रतिशत मतदान करने का भी आह्वान किया गया। तत्संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक माह के 07 तारीख को रोजगार दिवस मनाया जाना है।

# बाल विवाह रोकने कलेक्टर ने की अपील

## बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, अपितु कानूनन अपराध भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,9 अप्रैल।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जिलावासियों से रामनवमी एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर सम्पन्न होने वाले बाल विवाह की रोकथाम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, इच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चें दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है।



### जिले के 14 बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से लाया गया वापस

**उत्तर बस्तर कांकेर।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार श्रम पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के 14 बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से वापस लाकर और मजदूरी राशि का भुगतान कराया गया। कलेक्टर श्री सिंह को कांकेर जिले के तहसील अंतागढ़ सरईपारा, फुलपाड़ निवासी श्री संतुराम गावड़े द्वारा अपनी पुत्री को एस.एम.आर. फ्लाईएश ब्रिक्स, जुनजुपल्ली, बिलान्कुप्पम, जिला कृष्णागिरी तमिलनाडु में बंधक बनाने की शिकायत मिलने पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए श्रमिकों को लाने हेतु रेस्क्यू दल का गठन किया गया।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और की 18 वर्ष से कम आयु के लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सहायता करता है, उनको 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनां से दण्डित किया जा सकता है।

बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय दंडाधिकारी, संबंधित पुलिस थाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 महिला हेल्पलाईन 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

# लोकसभा चुनाव के लिए जीपीएस लगाकर वाहनों का हो रहा अधिग्रहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 9 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव को सुगमता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए परिवहन विभाग द्वारा वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। इन वाहनों में मतदान दलों को विभिन्न मतदान केन्द्रो तक पहुचानें एवं मतदान के बाद वापस लाने का कार्य किया जाएगा वही मतदान कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। छत्तीसगढ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में सम्पन्न होना है जिसमें प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा में चुनाव होना है तथा दूसरे चरण 26 अप्रेल को कांकेर लोकसभा के लिए मतदान किया जाना है। परिवहन विभाग कांकेर के द्वारा 26 अप्रैल को होने वाले कांकेर लोकसभा के लिए वाहनों की सूची बनाकर उसमें जीपीएस सिस्टम लगाकर वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार अधिग्रहित वाहनों को 23 अप्रैल बुलाया जाएगा एवं चुनाव खत्म होने के बाद 26 अप्रैल को छोडा जाएगा। अधिग्रहित वाहनों के लिए शासन द्वारा शुल्क भी निर्धाति किया गया है। दूसरी ओर वर्तमान में शादी ब्याह का सीजन चल रहा है जिसमें चुनाव के समय ही अधिकांश शादी का मुहूर्त भी है जिसके कारण आम जनता को भी शादी व्याह के कार्यक्रम में आने जाने एवं बाराती गाडियों के लिए भी निजी वाहनों के अधिग्रहित होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड सकता हैं।

### कांग्रेस के बयान पर भाजपा का पलटवार

**रायपुर 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी को पीएम बनाने मुंगेरीलाल की तरह सपने देख रही है। हाल ही में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस नेताओं का मानसिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुकी है। आज कांग्रेसी आसन्न लोकसभा चुनाव में प्रत्यक्ष हार को देखकर उलजुलूल हरकतें और बयानबाजी कर अपनी स्थिति को हास्यास्पद बना रहे हैं। चुनावी सभाओं में उनके बोल बिगड़ रहे है। उनके सपने में मोदी जी आ रहे हैं और वे भी मान रहे हैं आएगा तो मोदी ही। भाजपा महिला प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि पिछले 10 साल में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से देश को दिशा दी वह भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने देखा है।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम तथा ईव्हीएम वितरण केन्द्र का निरीक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू ने आज शाम चार बजे ग्राम नाथियानवागांव स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक में स्थापित स्ट्रांग रूम तथा ईव्हीएम वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर विभिन्न व्यवस्थाओं से अवगत हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने उन्हें ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष, मतगणना में लगे कर्मचारियों, अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं के प्रवेश मार्ग, स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम को लाने-ले जाने आदि की जानकारी रूटचार्ट के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि कांकेर एवं भानुप्रतापपुर के मतदान दलों को यहीं से ईव्हीएम वितरित की जाएगी तथा मतदान के पश्चात् मशीनों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां जमा भी कराई जाएगी। ईव्हीएम के लिए पृथक-पृथक् वितरण केन्द्र भी बनाए जाएंगे, जहां से ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट को लेकर मतदान दल रवाना होंगे। कलेक्टर ने यह भी बताया कि मतदान के बाद मतगणना



तक पॉलिटेक्निक स्थित स्ट्रांग रूम में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखी जाएंगी। इसके अलावा उन्होंने मतगणना ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों, अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं के प्रवेश द्वार, अलग-अलग स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे से सतत् निगरानी आदि के संबंध में सामान्य प्रेक्षक को मौके पर अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चंद्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदान और 04 जून को मतगणना सम्पन्न होगी। इसकी पूर्व-तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने आज पॉलीटेक्निक परिसर में पहुंचकर अवलोकन किया तथा मतदान के पूर्व और पश्चात् की व्यवस्थाओं से वे रू-ब-रू हुए।

### कलेक्टर ने मतदान के लिए मतदान कर्मियों को दिलाई शपथ



**जगदलपुर 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने मतदान दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान दल अपने दायित्व का बेहतर तरीके से निर्वहन कर मतदान कार्य को निर्विघ्न संपादित करवाएंगे। मतदान के इस पर्व में सभी के सहयोग से निर्विघ्न संपन्न करवाने का प्रयास है, हमने विधानसभा निर्वाचन के लिए आवश्यक तैयारी की, जिसके कारण निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई और निर्वाचन के सभी कार्य का बेहतर क्रियान्वयन हो सका। प्रशासन अपने जिले की मानव संसाधन की विश्वास और शक्ति को समझता है। मुझे विश्वास है कि लोकसभा निर्वाचन में भी हम इसी प्रकार से निर्वाचन कार्यों को संपादित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान दलों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण 14,15 और 16 अप्रैल को आयोजन की जाएगी, जिसमें दलों के छोटी-मोटी कमीपेशी को दूर किया जाएगा। मतदान के दिन घबराएं नहीं, सावधानी से मतदान प्रक्रिया को सम्पादित करवाएं। प्रशासन की मंशा है समय पर सभी अपने दायित्व को पूर्ण करें, इसके लिए आवश्यकता अनुरूप तैयारी रखें। 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान किया जाना है। यदि कोई दिक्कत हो तो तत्काल निराकरण करने की पहल करें, सेक्टर अधिकारी से लगातार सम्पर्क में रहें। मतदान के दिन बस्तरवासी उत्साह से मतदान के पर्व में शामिल होते हैं, फिर भी अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाना है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कर्मियों को मतदान करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शर्मा, डीईओ भारती प्रधान, सहायक नोडल स्वीप कार्यक्रम शरदचंद गौर सहित अन्य अधिकारी व मतदान कर्मी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों की बैठक लेकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन में सहयोग की अपील की



**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संसदीय क्षेत्र कांकेर के अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में सामान्य प्रेक्षक श्री रेजू ने सभी अभ्यर्थियों से निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केन्द्रों में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के लिए अपने-अपने बूथ एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की सूचना, निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव एवं सहायता के लिए कोई भी अभ्यर्थी उनसे निर्धारित समय में संपर्क कर सकते हैं। प्रेक्षक डॉ. रेजू से सर्किट हाउस में सुबह 09 से 10 बजे तक मुलाकात की जा सकती है। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने बताया कि ईव्हीएम का प्रथम रैण्डमाइजेशन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हो चुका है। अब ईव्हीएम के द्वितीय चरण का रैण्डमाइजेशन सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति में 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से संपन्न होगा, जिसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के सभी विधानसभा क्षेत्र के ई.व्ही.एम. का रैण्डमाइजेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच कमीशनिंग कार्य होगा। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चन्द्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के सभी अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 9 अभ्यर्थी मैदान में, प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आबंटित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र-11 (अजजा) के लिए प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। स्क्रूटनी के उपरांत कुल 09 अभ्यर्थी अंतिम रूप से निर्वाचन में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के द्वारा नामों की घोषणा के साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से श्री तिलक राम मरकाम को हाथी, श्री बीरेश ठाकुर को हाथ और श्री भोजराज नाग को कमल का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। इसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों में से सर्वश्री जीवन लाल मातलाम को तुरहा बजाता आदमी, थाकेश माहला को बाँसुरी, भोजराम मण्डावी को नारियल फार्म, विनोद नागवंशी को बाल्टी, सुकचंद नेताम को आरी और सोनसिंह को प्रतीक चिन्ह के तौर पर कोट का सिम्बॉल आबंटित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 28 मार्च से नामनिर्देशन पत्र वितरित किया गया जिसकी अंतिम तिथि 04 अप्रैल निर्धारित की गई थी।

# असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर पहुंचा मतदान दल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 9 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत सोमवार को जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया और अन्य मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरक सन्देश दिया। इन दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं से मतदान कराये जाने के लिए मतदान दल उनके घर पहुंची तो परिजनों के साथ पड़ौसी भी लोकतांत्रिक



प्रणाली के इस निर्वाचन पर्व की बेहतर व्यवस्था को सराहनीय पहल निरूपित किया।

विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के अंतर्गत जगदलपुर शहर के भैरमदेव वार्ड निवासी 88 वर्षीया बुजुर्ग महिला मतदाता कुसमदेवी रावल ने उम्रदराज होने और चलने-फिरने की दिक्कत के बावजूद डाक मतपत्र से मतदान कर अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोधघाट निवासी 86 वर्षीया वयोवृद्ध महिला मतदाता उषा खेडुलकर ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए उत्साह दिखाया, उन्होंने मतदान के पहले पूछकर न केवल निर्धारित फार्म में हस्ताक्षर किया बल्कि पंजी में हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया को भी इत्मीनान से पूरा किया। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र के पाली चकवा निवासी 87 वर्षीया इंदुमती पांडे ने भी घर में डाक मतपत्र के द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके साथ ही चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के 86 वर्षीया बुजुर्ग मतदाता सोनमती बघेल ने भी घर पर ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर ग्रामीण ईलाके के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए प्रेरक बन गई। लोकतंत्र के इस पावन निर्वाचन पर्व में दिव्यांग मतदाताओं ने भी सहभागिता निभाकर अपनी सक्षमता साबित करने सहित अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जगदलपुर शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के 40 वर्षीय दिव्यांग मतदाता सीएच विजयमूर्ति ने परिजनों के सहयोग से डाक मतपत्र के द्वारा मतदान किया। वहीं शांति नगर वार्ड की 28 वर्षीया युवा दिव्यांग मतदाता खुशबू जॉनसन ने दोनों हाथों से निःशक्त होने के बावजूद स्वयं निर्धारित फार्म और पंजी में हस्ताक्षर कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। खुशबू ने घर पर ही मतदान करने के बाद निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से अनेक दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा होगी और उन्हें अपने जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलेगा। इस दौरान खुशबू ने सभी मतदाताओं को मतदान में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह भी किया।

# बस्तर संभाग के पत्रकार संगठनों से माओवादी की अपील

**जगदलपुर 9 अप्रैल।** बस्तर की अनमोल वनसंसाधनों को कौड़ियो के भाव से कॉरपोरेटों को केंद्र राज्य सरकार बेच रही है. बस्तर की आदिवासी जनता इस कॉर्पोरेटीकरण के विरोध व अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं. देश की संपत्ति और संसाधनों की कॉरपोरेट लूट के खिलाफ लड़ रहे हैं. इस कॉरपोरेटीकरण के लिए जारी सैन्यकरण कॉरपेट सेक्युरिटी कैंपों की स्थापना के विरोध में डटे हुए हैं. आज मोदी का विकास मॉडल, हसदेव में आदिवासियों कों बेदखल करते हुए अडानी को सोंप दिया हैं. इसी कॉरपोरेटीकरण के तहत बनने वाली खनन, कारखाना, बांध, सड़क, प्रधान मंत्री सड़क योंजनों से 6 लाइन सड़कों और रेल परियोजनाओं, हवाई अड्डों आदि तमाम विस्थापन संबंधी एवं विनाशकारी परियोजनाओं जिन्हें सरकारें विकास परियोजनाओं के नाम से संचालित कर रही हैं. बस्तर को सैनिक छावनी में बदल रही है. यह सिर्फ आदिवासियों की अपनी लड़ाई नही है, बल्कि देश के संसाधनों व पर्यावरण को भावी पीढ़ियों के लिए बचाए रखने की लड़ाई भी हैं. इस न्यायपूर्ण लड़ाई को देश की जनवाजी, प्रगतिशील बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, किसानों, मजदूरों, आदिवासी, व गैर-आदिवासी, शिक्षक-कर्मचारियों भी आवाज उठाकर आदिवासी जनता की जल, जंगल, जमीन, अस्तित्व अस्मिता और आत्मसम्मान की लड़ाई को पूरा मदद दे रहे हैं. इसमें बस्तर की जनवादी पत्रकारों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा। हमारा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में पीएलजीए, जनताना सरकार, जनसंगठन एवं जन आंदोलन, क्रांतिकारी जनता को उन्मूलन करने का दमन योजनाओं को सरकार अमल कर रही हैं. खासकर आंदोलनरत जनता व आदिवासियों के भूमकाल गुंडाधूर की वारिसों को खत्म करने के लिए विकास के नाम से कॉरपोरेटीकरण-सैन्यकरण एंव ब्राह्मणीय हिंदुत्व फासीवाद डबल इंजन सरकार बुलडोजर चला रही है. हजारों सशस्त्र बलों ने दिन-रात गश्त करना, कैंपों से बमबारी करना, जनता को झूठी मुठभेड़ों में हत्या करना और महिलाओं पर अत्याचार कर रही है. सलवा जुडूम से लेकर आज की प्रतिक्रांतिकारी सूरजकुंड बर्बर युद्ध तक बस्तर की मूल आदिवासी जनता के ऊपर थोप रहे हैं. बस्तर की हकीकत को आप लोग भी जानते हैं. कुछ लोग जनविरोधी ठेकेदार कामों में पत्रकार का आड़ लेकर रोड़ कैंप / थाना निर्माण का ठेका काम कर रहे हैं. ठेका काम करने लोगों को समझाइए व बंद करवाइए आप जन पक्षधर की पत्रकारिता के रूप मे सच्चाई न्यायपक्षधर व जन आंदोलनों की पक्ष रखने के लिए पत्रकारों / व्यक्तियों-पत्रकार संगठनों से हम आप सभी से अपील करते हैं।

## एक नजर

### पड़ोसी राज्यों के मतदाताओं को उनके राज्य के मतदान दिवस पर मिलेगा संवैतनिक अवकाश

**गरियाबंद, 9 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत सीमावर्ती जिले में मतदान दिवस के दिन वहां के ऐसे मतदाताओं जो गरियाबंद जिले में किसी निजी संस्थान में नियोजित है, उनको अपने राज्य में मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ के सीमा से लगे हुए आंध्रप्रदेश, ओड़िसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड एवं तेलांगाना राज्य के मतदाताओं को जो गरियाबंद जिले के निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व्यवसाय नियोजित है, ऐसे मतदाताओं को उनके राज्य के मतदान दिवस को मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश मिलेगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जरूरी आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में द्वितीय चरण अंतर्गत 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए राज्य शासन द्वारा संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही पड़ोसी राज्यों के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में कार्यरत है, उनको भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है।

### गोल्डन बुक रिकॉर्ड में शामिल होने जिले की 1 लाख से अधिक महिलाएं ईपिक कार्ड के साथ लेंगी फोटो

**गरियाबंद, 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के विशेष पहल से जिले में मतदाता जागरूकता का अनोखा अभियान 9 अप्रैल को चलाया जायेगा। स्वीप कार्यक्रम के तहत गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल होने जिले की 1 लाख से अधिक महिलाओं द्वारा ईपिक कार्ड के साथ अपना फोटो लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी वाट्सएप नंबर में प्रेषित करने की योजना बनाई गई है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने सेल्फी विथ ईपिक अभियान का आयोजन सुबह 7 बजे से सुबह 11 बजे तक किया जायेगा। अभियान के तहत विशेषकर जिले की महिलाएं अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी वाट्सएप नम्बर 9589844658 एवं 9111901983 में भेज सकेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले की महिलाओं को मतदाता जागरूकता के इस विशेष अभियान में शामिल होकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित कर जिले का मान बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने जिले की अधिक से अधिक महिलाओं को अपने ईपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर दिये गये वाट्सएप नंबर में भेजकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के इस अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की है। सेल्फी विथ ईपिक अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में सुबह 7 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### सी-विजिल एप से मिनटों में कर सकते है आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**रायगढ़, 9 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन-2024 में भी सी-विजिल ष्ट-ड्ड्वद्बद्बद्य मोबाइल एप लेकर आया है। जिसका उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी एवं जवाबदेही बढ़ाना है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडनदस्ता (एफ.एस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा।

सी-विजिल ऐप पर शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

ऐसे काम करता है यह ऐप-यह एप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिन्दी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको अपना मोबाइल नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, लोकसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगा, जहां आपको फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं।

# कुटरू की नुक्कड़ सभा में कवासी लखमा ने कहा भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी आदिवासी विरोधी हैं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 9 अप्रैल।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा सोमवार को बीजापुर के कुटरू में एक नुक्कड़ सभा का संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी विरोधी हैं जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासी वर्ग सबसे ज़्यादा पीड़ित है और सबसे अधिक शोषण और ठगी का शिकार भी आदिवासी वर्ग हुआ है। कवासी लखमा ने आगे कहा भाजपा की हमेशा से सोच रही है कि एसटी, एससी और ओबीसी को मिलने वाली संवैधानिक आरक्षण ख़त्म हो ताकि इस वर्ग के लोग सरकारी सेवाओं से दूर रहे लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा कभी होने नहीं देगी एसटी, एससी और ओबीसी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी कटिबद्ध है। कवासी लखमा ने आगे कहा कि देश आज बेरोज़गारी और महंगाई से त्रस्त है किसान क़र्ज़ के बोझ से परेशान है जीएसटी से छोटे व्यापारी परेशान है वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता मस्त हैं मोदी सरकार देश के उद्योगपतियों के क़र्ज़ माफ़ देती है लेकिन मोदी सरकार और भाजपा किसानों के क़र्ज़ माफ़ नहीं करती, मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को केवल बेरोज़गारी और महंगाई दिया है।कांग्रेस पार्टी की केन्द्र में सरकार बनते ही देश के किसानों के क़र्ज़ माफ़ होंने के अलावा देश की महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिलाओं के वेतन दुगनी करने का काम करेगी। कवासी लखमा ने कांग्रेस के लिए वोट मांगते हुआ कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर केंद्र में ख़ाली पड़े 30 लाख सरकारी नौकरियों को भरा जाएगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने आगे कहा कि केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही हर एक ग़रीब महिला को साल के एक लाख रुपये मिलेंगे इस हिसाब से हर ग़रीब महिला की प्रतिमाह कम से कम 8333/- रुपये मिलेंगे और किसानों के क़र्ज़ माफ़ होंगे युवाओं को रोज़गार मिलेगा यह कांग्रेस की गारंटी है। इस दौरान बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, चन्द्रपुर के विधायक राम कुमार यादव, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतीया उद्दे, सोमारु कश्यप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटरू के अध्यक्ष शैलेश मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस का हाथ अब ग्रामीण तबके से भी लगा छूटने

### दो दर्जन लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**पत्थलगांव, 9 अप्रैल।** विधानसभा चुनाव मे करारी हार के बाद अब कांग्रेस के कार्यक्रर्ता हाथ का साथ छोडते जा रहे है। दिन रविवार को विधानसभा कार्यक्रर्ता सम्मेलन के दौरान सुबे के मुखिया विष्णुदेव साय के सामने 200 से अधिक कांग्रेसी कार्यक्रर्ताओ ने भाजपा का दामन थाम लिया था,आज कांग्रेस को ग्रामीण क्षेत्र मे भी तगडा झटका लगा है। ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया के समक्ष अनेक सरपंचो ने कांग्रेस का साथ छोडकर भाजपा का दामन थाम लिया। ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया ने बताया कि खरकटटा निवासी निरंजन सिंह सिदार वहा के सरपंच कैलाश प्रसाद पोर्ते,उपसरपंच उमेश सिंह सिदार,बिनुराम सिदार,प्रेमनारायण सिदार,मोहन राम,संदीप तिर्की,पदम लोचन यादव,खारढोढी के उपसरपंच राजेन्द्र बेहरा,लालराम चक्रधारी, दुलार साय,लक्ष्मण धुर्वे,जोराडोल के सरपंच राजेन्द्र कुजुर के अलावा अन्य एक दर्जन से भी अधिक लोगो ने कांग्रेस का साथ छोडकर भाजपा में प्रवेश किया है।।

## पूनम के भजन मनिहारी का भेस बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया पर झुमी महिलायें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 9 अप्रैल।** श्याम मंदिर परिसर मे छ.ग. की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूनम शर्मा ने जैसे ही भजनो की ताल छेडी पाठ करने आयी महिलायें अपने स्थान पर खडे होकर नाचने लग गयी। यहा के नवनिर्मित श्याम मंदिर परिसर मे झुनझुन की महारानी रानी सती दादी के मंगल पाठ का आयोजन किया गया,जिसमे शहर के अलावा आस-पास क्षेत्र से भी सैकडो महिलायें पाठ मे शामिल हुयी थी। छत्तीसगढ की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूनम शर्मा इस आयोजन को संपन्न कराने अपने सहयोगियों के साथ यहा पहुंची हुयी थी। उन्होने रानी सती दादी के पाठ से पहले भजनो से समा बांधा। उनके द्वारा श्याम भक्ति के एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किये। मनिहारी का भेस बनाया श्याम चुडी बेचने आया की धुन पर महिलायें नृत्य करने लगी। पूनम शर्मा ने श्याम भजनो मे बांके बिहारी की देख छटा मेरा मन हुआ लटापटा मे सबका मन मोह लिया। देर शाम तक पूनम शर्मा के भजनो से श्याम मंदिर परिसर का माहौल भक्तिमय होता रहा। बाद मे उन्होने झुनझुन की महारानी रानी सती दादी के मंगलपाठ की शुरूवात की। कहने को तो शहर मे इससे पूर्व अनेक बार मंगलपाठ हो चुके है,परंतु श्याम मंदिर मे आयोजित मंगलपाठ की भव्यता देखते ही बन रही थी,गायिका पूनम शर्मा ने मंगलपाठ के बीच मे रानी सती दादी के बाल्याकाल से सती समय तक को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। उन्होने पाठ के मध्य मे रानी सती दादी का जन्मउत्सव मनाया,जिसके बाद आगे हुये रानी सती दादी का बाल्याकाल,स्कूल का समय एवं उनके विवाह उपरांत महारानी तक के जीवंत चित्रण को झांकियो के माध्यम से प्रस्तुत कराया। यह आयोजन श्याम सेवा समिती एवं श्याम सखी मंडल के सम्मिलित प्रयास से संपन्न कराया गया था।।

**दादी की राजवाड़ों में थी धाक-** :श्याम सखी मंडल की सरोज गर्ग,नीतु सिंघल,भावना गोयल,रीना गर्ग ने रानी सती दादी के जीवन पर अपने विचार रखे। उनका कहना था कि दादी का जीवन अनेक उतार चढाव से भरा हुआ था,वे बाल्याकाल से ही अभुतपूर्व क्षमता की महिला थी,जिसका लोहा पूरा राजवाडा मानता था। उन्होने पत्नी धर्म की अभूतपूर्व मिसाल पेश की। जब दादी के पति की युद्ध के दौरान मृत्यु हो गयी तो उन्होने उनके साथ ही सती होकर अपना शरीर त्याग दिया। रानी सती दादी राजवाडा काल मे नारायणी के नाम से पुकारी जाती थी।।

**निशान यात्रा का होगा आयोजन-** श्याम मंदिर के द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर दिन मंगलवार को निशान यात्रा निकाली जायेगी। श्याम सेवा समिती,श्याम सखा समिती द्वारा निशान यात्रा की बेहद तैयारियां कर रखी है। श्याम मंदिर परिसर मे श्रद्धालुओ के उठाने के लिए सैकडो की तादाद मे ध्वज सजाकर तैयार कर दिये गये है। दिन मंगलवार को दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा शुरू होकर शहर के प्रमुख तीनो मार्गो मे भ्रमण करेगी। निशान यात्रा की अगुवाई करने सुरजगढ से भक्त हजारीलाल इंदौरिया यहा आये हुये है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**महासमुंद 9 अप्रैल।** महासमुंद दिनांक 08 अप्रैल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 मई 2024 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत के आयोजन किया जाएगा। जिस संबंध में आज जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया द्वारा महासमुंद जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली।

उक्त बैठक में माननीय जिला न्यायाधीश ने न्यायालयों द्वारा जो प्रकरण चिन्हांकित किए गए है जैसे एमएसीटी, सिविल प्रकरण, एनआई एक्ट, समरी प्रकरणों के आंकडों का अवलोकन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए जिले के समस्त न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों को निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत को सफल एवं लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा की गई।

## सभी की उपस्थिति में ईवीएम का किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन



**रायगढ़, 9 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोक सभा निर्वाचन-2024 हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में निर्वाचन आयोग के निर्धारित कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के सॉफ्टवेयर में विधान सभावार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। रायगढ़ जिले में एफएलसी पश्चात 2014 बीयू, 1410 सीयू तथा 1542 वीवीपैट का कुल स्टॉक है, इसके अलावा 108 बीयू, सीयू एवं वीवीपैट ट्रेनिंग एवं जागरूकता के लिए आरक्षित रखा गया है। जिले के चारों विधानसभाओं के 1144 मतदान केन्द्रों के लिए आज 1371 बीयू, 1371 सीयू तथा 1485 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया।

इस अवसर पर श्री आशीष शर्मा, श्री गोपाल बापोडिया, श्री पवन शर्मा, श्री मनीष गांधी, श्री इंनोसेंट कुजूर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, श्री फकीर मोहन षडंगी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लम्बे समय से माओवादी घटना के फरार 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 07/04/2024 को थाना फरसेगढ़ से जिला बल की टीम द्वारा दबिश देकर भोपालपटनम् और पेटाबोगड़ा से 03 फरार माओवादियों को पकड़ा गया ।1.यालम सुधाकर (रेंज कमेटी सदस्य) पिता स्व0 पापैया उम्र 52 वर्ष निवासी संजयपारा सेण्ड्रा थाना फरसेगढ़ हाल पेटाबोगड़ा थाना भोपालपटनम 2.यालम कांतैया (मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 पापैया उम्र 53 वर्ष निवासी संजयपारा सेण्ड्रा थाना फरसेगढ़ हाल पेटाबोगड़ा थाना भोपालपटनम् 3.गोपाल यालम (मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 पापैया उम्र 45 वर्ष निवासी संजयपारा सेण्ड्रा थाना फरसेगढ़ हाल पेटाबोगड़ा थाना भोपालपटनम् । पकड़े गये फरार माओवादी वर्ष 1998 से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत है । क्षेत्र में आगजनी , हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, पुलिस पार्टी पर हमला एवं सड़क काटने की घटना में शामिल रहे है ।यालम सुधाकर के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में 12 स्थाई वारंट एवं यालम कांतैया व यालम गोपाल के विरूद्ध 01-01 स्थाई वारंट थाना में लंबित है । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

## विस्फोटक एवं प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री सहित 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 07/04/2024 को थाना गंगालूर, डीआरजी और केरिपु 222वी वाहिनी की संयुक्त टीम कोरचोली के जंगल में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी ।अभियान के दौरान कोरचोली के जंगल से माओवादियों को पकड़ा गया सुक्कू कुंजाम पिता भोसकू कुंजाम उम्र 48 वर्ष निवासी डुवल लेण्ड्रा थाना गंगालूर जिला बीजापुर पाकली ओयाम पिता लच्छु ओयाम उम्र 20 वर्ष निवासी पेद्दोजोजेर थाना गंगालूर दीपिका अवलम ऊर्फ रीना पिता मंगू अवलम उम्र 21 वर्ष निवासी मोसला थाना नैमेड़ जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, डेटोनेटर, बैटरी, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में छ0ग0 विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2005 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

## मद्देड बाजा की धुन में जिले में बना मतदान में भागीदारी का माहौल



**बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मद्देड बाजा ने ग्रामीण क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजार एवं नगरीय क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के थीम सॉन्ग मैं भारत हूं के अलावा देश भक्ति और क्षेत्रीय धुनों को बजाकर मतदान में भागीदारी का माहौल बना दिया। दिनभर जिले में प्रमुख स्थल में कार्यक्रम आयोजित होने के बाद जिला मुख्यालय बीजापुर के पुराना बस स्टैंड चौराहे पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने उपस्थित मतदाताओं के को शपथ दिलाकर नगर वासियों को शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। भोपालपटनम के बस स्टैंड में मतदाता जागरूकता रथ के साथ बाजे की धुन के बीच मतदाताओं को निर्भीक मतदान की शपथ दिलाकर नारे लगाते हुए नगर में रैली निकाली गई। मद्देड साप्ताहिक बाजार, मोदकपाल, आवापल्ली मुख्यालय में भी रैली कर मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। नैमेड साप्ताहिक बाजार में कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। बाजे की धुन पर थिरकते हुए महिलाओं ने मतदातों को 19 अप्रैल को सबसे पहला काम मतदान करने की अपील की। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में 17 अभ्यर्थी मैदान में, प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आबंटित

**महासमुंद 9 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र-09 के लिए प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। स्करूटनी एवं नाम वापसी के उपरांत कुल 17 अभ्यर्थी अंतिम रूप से निर्वाचन में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री प्रभात मलिक के द्वारा नामों की घोषणा के साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं। आज नाम वापसी के अंतिम दिन धनसिंग कोसरिया ने अपनी अभ्यर्थिता वापस लिया। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से वैध रूप से नामांकित अभ्यर्थियों में ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ, बसन्त सिन्हा बहुजन समाज पार्टी को हाथी, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी भारतीय जनता पार्टी को कमल प्रतीक आबंटित किया गया। रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों में गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी को बाल्टी, चम्पालाल पटेल गुरूजी धरती पकड़ राइट टू रिकॉल को प्रेशर कुकर, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना (भारत देश) को गैस सिलेण्डर, नितेश कुमार रात्रे सुन्दर समाज पार्टी को कांच का गिलास, फरीद कुरैशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी को आरी, डॉ. विरेन्द्र चौधरी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को बांसुरी, अन्य अभ्यर्थियों में ईश्वर मारकाण्डे निर्दलीय को तरबूज, कालिया प्रसाद को क्रेन, मुकेश कुमार अग्रवाल निर्दलीय को कम्प्यूटर, रेखराम बाघ निर्दलीय को पानी का जहाज, सुखनंदन देशकर निर्दलीय को हरी मिर्च, प्रोफेसर सुरेश साहू निर्दलीय को ऑटो रिक्शा एवं संतोष दारचंद बंजारे निर्दलीय को गन्ना किसान प्रतीक आबंटित किया गया है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान होगा तथा प्राप्त मतों की गणना मंगलवार 04 जून को की जाएगी।

# मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं पर दें ध्यान:कलेक्टर




रायगढ़, 9 अप्रैल। कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर का समीक्षा सह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई जैसे मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी तरह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित किसी भी तरह की शिकायत सी-विजिल एप पर करने की बात कही।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोयल ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर्स के पास वोटिंग मशीन से लेकर सारे प्रपत्र होते हैं। निर्वाचन के दौरान उन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की जाती है। इस पर उन्हें अपने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की भी जिम्मेदारी रहती है। उम्मीदवारों द्वारा लाउडस्पीकर या पाम्पलेट बैनर, होर्डिंग्स स्टीकर यादि से प्रचार पर परमिशन की जांच जरूर करें। इसी तरह प्रलोभन या सामान बांटने और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित किसी भी तरह की शिकायत सीधे सी-विजिल पर करें।

इसी तरह सेक्टर ऑफिसर्स द्वारा भरे जाने वाले एएमएफ(एश्योर्ड मिनिमम फैसलिटीज) को भरने में खानापूर्ति नहीं करने और जैसी स्थिति है उसे स्पष्ट तौर पर भरने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदान केंद्रों में टेन्ट से छाया और पीने की पानी की गिलास मग के साथ पर्याप्त व्यवस्था रखने की बात कही। कलेक्टर श्री गोयल ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान कम वोटिंग प्रर्सेंटेज वाले मतदान केंद्रों पर फोकस करने और संबंधित क्षेत्रों में स्वीप के तहत कार्यक्रम कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के शुरू होने के दो घंटे तक अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पूरी तरह फोकस करें। सेक्टर का बेहतर मैप अपने पास रखें और उस हिसाब से सभी मतदान केंद्रों के बीच में अपने रूकने का स्थान का चुनाव करें ताकि मशीन खराब होने की सूचना पर सेक्टर ऑफिसर शीघ्रता से संबंधित मतदान केंद्र पहुंच सके और मशीन बदलने की कार्यवाही समय-सीमा पर कर सकें। इस दौरान उन्होंने मशीन को बनाने में व्यर्थ में समय नहीं गंवाने की बात कही।

आवश्यकता पड़ने पर मतदान केन्द्रों में कार्यरत मतदान दलों से सूचना का आदान-प्रदान बेहतर हो सके, इसके लिए सभी सेक्टर ऑफिसर्स को उनके मतदान क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की अच्छी तरह से जांच करने की बात भी कही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए सभी सेक्टर ऑफिसर्स को गंभीरता से कार्य करना है। पीठासीन अधिकारियों से बेहतर तालमेल आपसी सामंजस्य बनाकर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर द्वारा भरे जाने वाले सभी तरह के प्रपत्र और किए जाने वाले कार्यों की बारीकियों को अच्छी तरह से समझें और प्रशिक्षण संबंधित किसी प्रकार की शंका होने पर उसे तुरंत पूछकर समाधान करें। इस अवसर पर नोडल ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 543 मतदान केंद्रों में लगेंगे दो सीसीटीवी

कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 1085 में से 543 मतदान केन्द्रों में वेब-कॉस्टिंग किया जाएगा। ऐसे सभी मतदान केन्द्रों में दो कैमरे लगाये जायेंगे। एक मतदान कक्ष के अंदर व दूसरा मतदाताओं के कतार को कवर करने के लिए होगा, जिससे मतदान केन्द्रों के प्रबंधन में आसानी होगी।

## एक नजर

### गिधौरी पुलिस ने घटमडवा डेरा में छापा मारकर 900 किलो महुआ लहान व 24 लीटर कच्ची शराब जब्त की



**बलौदाबाजार, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, द्वारा जिले में चलाए जा रहे सभी प्रकार के नशे के खिलाफ विशेष अभियान सृजन के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। मुखबिर से सूचना मिली कि घटमडवा डेरा में अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भारी मात्रा में रखा गया है, कि सूचना पर आज दिनांक 08.04.2024 को थाना गिधौरी से थाना प्रभारी निरीक्षक के.सी.दास, प्रधान आरक्षक पीलाराम, नरेश खूंटे, आरक्षक जगराम लहरे, सुजीत तंबोली, रामलाल, विजय मिलन की टीम द्वारा घटमडवा डेरा में रेड कार्यवाही किया गया। कार्रवाई में महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल ?9000 कीमत मूल्य का 900 किलोग्राम अवैध महुआ लहान पास, बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। कार्यवाही के इसी क्रम में आरोपी ननकी उर्फदिलीप गोंड पिता भीम गोंड उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम घटमडवा से 24 लीटर महुआ शराब कीमती ?4800 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### पूरक प्रशिक्षण में शामिल हुए कलेक्टर प्रशिक्षण कार्य का लिया जायजा



**बलौदाबाजार, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा चुनाव के लिए गठित मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण में अनुपस्थित हुए अधिकारी कर्मचारियों के लिए आज बलौदाबाजार सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों में पूरक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर के एल चौहान ने आज जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण केंद्र सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल एवं भाटापारा स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल पंचम दीवान का निरीक्षण कर जायजा लेते हुए दलों को जरूरी टिप्स दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी हर कड़ी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में बताए जा रहे हर पहलूओं और बारीकियों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें। निर्वाचन कार्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई जा रही सभी बातों को ध्यान से सुनते हुए समुचित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में उन्होंने लगभग घण्टे तक प्रशिक्षणार्थियों से लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और प्रशिक्षण से संबंधित सवाल भी पूछे। उन्होंने खुद ही मशीन से संबधित कंट्रोल यूनिट के संबध में विस्तृत जानकारी प्रदान की है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अमित गुप्ता, भाटापारा एसडीएम नितिन तिवारी, बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल, जनपद सीईओ मंडावी, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता दौड़, कलेक्टर एसपी हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता दौड़ का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पं. चक्रपाणि स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए। दौड़ को जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जागरूकता दौड़ पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, गार्डन चौक, जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में ही समाप्त किया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ी, पुलिस कर्मचारी, अधिकारी कर्मचारी ने बड़ी संख्या हिस्सा लिया। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा यह लोकतंत्र का उत्सव है जो पांच साल में एक बार आता है. अतः इस ऐतिहासिक उत्सव में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सभी जिला वासियों से अपने मतदाधिकार के प्रयोग करने की अपील की हैं। उन्होने कहा कि अपने मतों का प्रयोग अपने विवेक से करना चाहिए। मत को प्रभावित करने वाले प्रभोलन से बचना चाहिए तभी जाकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। हमारे एक वोट से ही देश की दिशा एवं दशा तय होती है। इस मौके जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधी नाग, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई, साक्षर भारत सोमेश्वर राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड मुख्यालयों में एक साथ हुआ आयोजन



सभी विकासखंड मुख्यालयों में भी हुआ आयोजन मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन एक साथ एक समय में जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड मुख्यालयों में भी किया गया। जिसके तहत भाटापारा नगर में विश्राम गृह से सिटी मॉल तक, सिमगा में सामुदायिक भवन/सांस्कृतिक भवन से तिल्दा फ्लाईओवर तक, कसडोल में स्वामी आत्मानंद स्कूल से बलार रोड चौक से पुनः स्कूल वापस, पलारी मेंस्वामी आत्मानंद स्कूल से बस स्टेंड से रेस्ट हॉउस से स्वामी आत्मानंद स्कूल वापस तक दौड़ का अयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों सहित अधिकारी कर्मचारी एवं आम जन उपस्थित हुए।

## भखारा नगर की कॉम्प्लेक्स जीर्णोद्धार पर चर्चा तेज, लीज अवधि पर असमंजस में नगरवासी

# मरम्मत या पुनर्स्थापना, नपं की कार्यशैली पर लग रहे प्रश्नचिन्ह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भखारा 9 अप्रैल।** नगर पंचायत भखारा में लगभग 25 वर्ष पूर्व पंचायत कार्यकाल में निर्मित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स अब पूर्णतः जर्जर हो चुका है।इस जर्जर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को मरम्मत के नाम पर जीर्णोधार किया जा रहा है।नगर के युवा व्यवसाईयों का कहना है कि जीर्णोधार के आड़ में बड़ा खेला हो रहा है और पीढ़ी-दर-पीढ़ी कॉम्प्लेक्स पर कब्जा जमाए रखने की साजिशें चल रहा है।जिससे नए युवा उद्यमी जो व्यापार के क्षेत्र में आगे आना चाहते है।उनका भविष्य गर्त में जाते दिख रहा है।उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत भखारा के हृदय स्थलीय पुराना बस स्टैंड के समीप सन 1996 में निर्मित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को नीलामी प्रक्रिया से 30 वर्ष के लिए व्यापारियों को लीज पर आबंटित किया गया था।इस हिसाब से वर्तमान में लीज की अवधि पूर्ण होने में दो वर्ष बाकी होना बताया जा रहा है।चूंकि लीज पर दिया गया कॉम्प्लेक्स पूर्णतः जर्जर हो गया है।जिसका फ़ायदा उठाकर सभी व्यवसायी स्वयं के पैसे से मरम्मत करने हेतु नगर पंचायत से अनुमति मांगा है।ऐसे में नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षद परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाकर मरम्मत करने की अनुमति दे दिया गया है ।लेकिन व्यापारी मरम्मत के आड़ में फाउंडेशन को छोड़कर पूरा कॉम्प्लेक्स का निर्माण नए सिरे से कर रहे है।ऐसे में आशंका जताया जा रहा है कि कहीं व्यापारी भविष्य में स्वयं के पैसे से निर्माण किये है कहकर कॉम्प्लेक्स में कब्जा न कर ले। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि लीज की अवधि समाप्त होने पश्चात पुनः नीलामी की कार्यवाही किया जायेगा अथवा नवीनीकरण कर फिर से ही उन्ही दुकान संचालकों को आबंटित किया जाएगा।पुनः उसी दुकानदारों को आबंटित करने पर नगर पंचायत को राजस्व का तगड़ा नुकसान होगा।

### नपं को करोड़ों रुपए के राजस्व का होगा नुकसान

भविष्य के व्यावसायिक संभानाओं को देखते हुए नगर पंचायत भखारा व्यापारियों की पहली पसंद बना हुआ है। राजधानी रायपुर और धमतरी के मध्य में स्थित होने के कारण यहां की दुकान,मकान और जमीन की कीमत आसमान पर है।यहां नीलामी में एक कॉम्प्लेक्स की 30 से 40 लाख रुपए तक की उच्चतम बोली लगती है।इस हिसाब से नगर पंचायत को 10 कॉम्प्लेक्स की लगभग 3 से 4 करोड़ के राजस्व का नुकसान होते दिखाई दे रहा है।

### मोटा रकम लेकर अनुमति देने की उड़ रही अफवाहें

कॉम्प्लेक्स जीर्णोधार की अनुमति देने से नगर पंचायत को भविष्य में तगड़ा नुकसान होने की संभावना तो है।ऐसे में नुकसान तो नगर पंचायत को हो रहा है।परंतु रूलिंग पार्टी के नेताओं को इसका लाभ होने की अफवाहें उड़ रही है।अफवाहों में यह कहा जा रहा है कि अनुमति देनें के बदले में व्यापारियों ने 3 से 4 लाख रुपए सत्ताधारी दल के नेताओं को बतौर नज़राना पेश किया है।जिसकी चर्चा नगर में व्याप्त है।

### आदर्श आचार संहिता का हो रहा खुला उल्लंघन

नगर पंचायत द्वारा कॉम्प्लेक्स मरम्मत हेतु व्यापारियों को आचार संहिता लगते ही आदेश दिया गया व व्यापारियों द्वारा कॉम्पलेक्स को तोड़कर पुनर्निर्माण किया जा रहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन दर्शित करता है आचार संहिता के दौरान प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में प्रतिबंध लगाया जाता है जबकि नगर में पुनर्स्थापित हो रहे कॉम्प्लेक्स के कार्य मे रोक नही लगाना प्रशासन के ऊपर सवालिया निशान लग रहे है। वहीं इस मामले में कुरुद एसडीएम दीनदयाल मंडावी ने नगर पंचायत से रिपोर्ट लेकर शीघ्र कार्यवाही करने की बात कही है!

### भाजपा मनाया स्थापना दिवस

**तिल्दा-नेवरा, 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी तिल्दा नेवरा शहर मंडल ने संगठन का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में भाजपा ध्वज का ध्वजारोहण किया, इसके बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष और तिल्दा नेवरा शहर भाजपा मंडल प्रभारी शिवशंकर वर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व दमन तिवारी पिता राम आश्रय तिवारी, उम्र 84 वर्ष, शीतला पारा वार्ड,कोण्डागांव, तह. व जिला कोण्डागांव, छ.ग. का स्थायी निवासी हूं। मेरा वास्तविक पूरा नाम सर्व दमन तिवारी (SARVA DAMAN TIWARI) है, जो कि मेरे आधार कार्ड क्र. 4314 7131 1697, एवं पेन कार्ड क्रं. ALYPT4423H में अंकित है।

मुझे बोलचाल के अनुसार एस. डी. तिवारी (S.D. TIWARI) के नाम से भी जाना जाता है। मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम एस.डी. तिवारी (S. D. TIWARI) अंकित है। सर्व दमन तिवारी (SARVA DAMAN TIWARI) एवं एस.डी. तिवारी (S. D. TIWARI) उपरोक्त दोनों नाम मेरा स्वयं का है, तथा उपरोक्त दोनों नाम वाला मैं एक ही व्यक्ति हूँ।

यह शपथ पत्र मैं सर्व दमन तिवारी (SARVA DAMAN TIWARI) एवं एस.डी. तिवारी (S.D. TIWARI) उपरोक्त दोनों नाम मेरा स्वयं एक ही व्यक्ति का होने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**सर्व दमन तिवारी**
शीतला पारा वार्ड, कोण्डागांव,
तह. व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)


# अवैध संबंध के शक में पत्नी को मार डाला

## लोटा से कुचला सिर, उत्तर प्रदेश से लौटकर बच्चों के सामने मारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कसडोल, 9 अप्रैल।** पूरा मामला कसडोल थाना क्षेत्र के सेमरिया (कोसमसरा) गांव का है जहां चरित्र शंका को लेकर पति ने पत्नी के सिर पर लोटा से वार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि पत्नी के सिर पर लगातार इतने बार वार किया कि उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

कसडोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात जब आरोपी पति परमेश्वर केंवट मजदूरी कर उत्तरप्रदेश से लौटा तो रविवार की रात पत्नी चंद्रावती केंवट से विवाद करने लगा। उसके चरित्र को लेकर उलूल-जूलूल बात करने लगा। बात इतनी बढ़ गई की कांसा के लोटे से हमला कर दिया।

**खून से सनी मिली थी लाश:** कसडोल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घर में महिला की लाश खून से लथपथ पड़ी थी। सिर में गंभीर चोट के निशान से थे। खून ज्यादा बह जाने की वजह से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

**आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल :** कसडोल पुलिस ने बताया कि लोगों से प्राप्त जानकारी मुताबिक पति मानसिक रूप से कमजोर है। आरोपी के दो बच्चे हैं जो अब अनाथ हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, कोर्ट में पेश किया जहां से कोर्ट में उसे जेल भेज दिया है।

# अल्ट्राटेक बैकुंठ ने खरोरा नपं को दिए पंप और पाइप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा-नेवरा, 9 अप्रैल।** बढ़ती गर्मी और शहरों में बढ़ती जनसंख्या के कारण विगत कुछ वर्षो से पेयजल संकट गंभीर चिंता का विषय बना रहा है। इसी दिशा में कार्य करते हुए और संकट के निवारण हेतु अल्ट्राटेक बैकुंट सीमेंट वर्क्स के सी.एस.आर के द्वारा नगर पंचायत, खरोरा क्षेत्र में निवासरत नगरवासियों को नगरपंचायत के माध्यम से 9 सेट सबमर्सिबल पंप एवम 126 नग जी.आई. पाइप (प्रति नग 20 फीट) प्रदान किया गया। नगरपंचायत के इस बड़े पहल में हिस्सेदारी करने के लिए नगरपंचायत अधिकारी ने अल्ट्राटेक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह पेय जल सामग्री खरोरा में विद्यमान जल संकट से निवारण हेतु काफी सहायक होगी एवम नगरवासियों को इसका लाभ प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम में नगरपंचायत खरोरा से नगरपंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एच एस ठाकुर जी और अल्ट्राटेक से एस के दागा, राकेश सोपरा, सूरज यादव, राहुल देव और मुन्ना बर्मन उपस्थित थे।

# ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 9 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के अनुक्रम में आज 8 अप्रैल को जिले की उप विधानसभा क्षेत्रों का प्रथम रेण्डमाईशन किया गया। रेण्डमाईजेशन जिला कार्यालय भवन बलौदाबाजार के एनआईसी कक्ष में निर्वाचन आयोग के ईएमएस साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने सर्वमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया की विस्तार सेजानकारी दी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से बलौदाबाजार को 8 अप्रैल दोहपर 2 बजे का समय दिया गया था। निर्धारित समय पर राजनीतिक दलों के समक्ष पहले जिले की चारों विधानसभाओं के समस्त मतदान केन्द्रों की संख्या की जांच की गई। इसके बाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03-जांजगीर-चांपा के उप विधानसभा क्षेत्रों 43-बिलाईगढ़, 44-कसडोल एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08-रायपुर के उप विधानसभा क्षेत्रों 45-बलौदाबाजार, 46-भाटापारा की ईव्हीएम मशीन एवं व्हीव्हीपैट मशीन का रेण्डमाईजेशन किया गया। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया के संबंध में पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की। सर्वमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को रेण्डमाईजेशन पश्चात् ईव्हीएम मशीन तथा व्हीव्हीपेट की सूची भी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम कसडोल भूपेंद्र अग्रवाल, बलौदाबाजार अमित गुप्ता, भाटापारा नितिन तिवारी, सूचना अधिकारी एनआईसी सत्यनारायण प्रधान, सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, भारतीय जनता पार्टी से शिव नरेश मिश्रा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से लखेश साहू, आप से भुवनेश्वर सिंह उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं संजय भास्कर तिवारी पिता श्री सर्व दमन तिवारी उम्र 42 वर्ष नारायणपुर जगदीश मंदिर रोड, वार्ड नं. 08 महावीर वार्ड बुधवारी बाजार, तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरा पूरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी है एवं मेरे पिता का संक्षिप्त नाम उपनाम सहित एस. डी. तिवारी है एवं उनका पूरा नाम उपनाम सहित सर्व दमन तिवारी है।

मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5034 5122 1454 में एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक AFOPT9037K में एवं मेरा मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZDO2031730 में एवं मेरे बैंक पासबुक में मेरा पूरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी अंकित है एवं मेरे पिता का पूरा नाम उपनाम सहित सर्व दमन तिवारी अंकित है, तथा मेरे द्वारा कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की अंकसूची में मेरा नाम संजय भास्कर अंकित है मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम तिवारी अंकित नही है, तथा मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम तिवारी अंकित है एवं मेरे पिता का संक्षिप्त नाम एस. डी. तिवारी अंकित है।

मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5034 5122 1454 में एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक AFOPT9037K में एवं मेरे मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZDO2031730 में एवं मेरे बैंक पासबुक में अंकित मेरा पूरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी एवं अंकित मेरे पिता का पूरा नाम उपनाम सहित सर्व दमन तिवारी तथा मेरे द्वारा कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की अंकसूची में अंकित मेरा नाम संजय भास्कर एवं मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में अंकित मेरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी एवं अंकित मेरे पिता का संक्षिप्त नाम एस. डी. तिवारी एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम एवं मेरे पिता का ही संक्षिप्त एवं पूरा नाम एवं उपनाम है जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र मेरे द्वारा निष्पादित एवं प्रस्तुत है।

**संजय भास्कर तिवारी**
नारायणपुर जगदीश मंदिर रोड,
वार्ड नं. 08 महावीर वार्ड बुधवारी बाजार,
तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.)

## न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक/129/वा/तह./जन्म-मृत्यु/2024
भखारा, दिनांक 03/04/2024
मामले की श्रेणी-ब/121
मृत्यु प्रमाण पत्र
ग्राम-सेमरा डी तहसील- भखारा

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बहुर ध्रुव पिता भुखउ राम जाति गोंड निवासी ग्राम सेमरा डी तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक अपने भाई जहुरराम के मृत्यु दिनांक 12/10/2000 को होने से विलंबित घटना का जन्म पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, ग्राम पंचायत से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, पेश किया है। आवेदक को आवश्यक कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से जन्म के विलंबित घटना का रजिस्ट्रीकरण कराने जन्म-मृत्यु पंजीयक ग्राम भेण्डरा को प्रमाण पत्र जारी करने आदेशित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17/04/2024 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समय अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
भखारा

## न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/358/का.पा.द./वा-2/2024
सिमगा दिनांक 28/03/2024
रा.प्र.क्र......ब/121 वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

एतद द्वारा आम जनता ग्राम चौरेंगा प.ह.नं. 09 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद वासुदेव पिता रतिराम जाति वासुदेव निवासी ग्राम चौरेंगा प.ह.नं. 09 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के पिता रतिराम वासुदेव पिता मनोहर वासुदेव का मृत्यु दिनांक 1/09/2000 को ग्राम चौरेंगा में होने पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत चौरेंगा में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को, कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10/04/2024 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
सिमगा

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200058

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
अण्डी प.ह.न. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-जयराम,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयराम आ. सुरज जाति गोंड सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र देवकुमार आ. जयराम का जन्म दिनांक 23.05.1999 को स्थान ग्राम अंडी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200060

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
अण्डी प.ह.न. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अक्तूराम,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अक्तूराम आ. उमेंदी जाति कंवर सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। है कि आवेदक के बहन संगीता आ. उमेंदी का जन्म दिनांक 12.02.1985 को स्थान ग्राम अंडी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200059

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
अण्डी प.ह.न. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- जयराम,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयराम आ. सुरज जाति गोंड सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र राज कुमार आ. जयराम का जन्म दिनांक 20.03.2003 को स्थान ग्राम अंडी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### एक्टिवा की डिक्की से मोबाइल पार

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** नगर निगम कार्यालय के बाहर खड़ी एक्टिवा से अज्ञात चोर ने मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अंकित वर्मा 20 वर्ष शक्तिनगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी एक्टिवा को नगर निगम कार्यालय के बाहर पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 461, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ट्रेलर ने युवक को रौंदा

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** पचपेड़ी नाका बजरंग बली मंदिर के सामने ट्रेलर ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जेठूराम नागरची 32 वर्ष छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि जेठूराम पैदल कहीं जा रहा था, तभी पचपेड़ी नाका बजरंग बली मंदिर के सामने ट्रेलर क्रमांक सीजी 08 एएक्स 4724 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जेठूराम को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** डगनिया तालाब के पास पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शेख सलीम 39 वर्ष तरूण नगर डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी डगनिया तालाब के तरफगया था, तभी आरोपी आकश राजपूत, हिमांसु व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** तेलघानी नाका चौक के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अंकित शर्मा 26 वर्ष तेलघानी नाका चौक के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने घर के बाहर अपनी एक्टिवा क्रमांक ओडी 03 एच 9223 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तीन वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** धरसींवा पुलिस ने सांकरा नया ओव्हरब्रीज में ट्रक खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन वाहन चालकों के खिलाफकार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने सांकरा ओव्हरब्रीज में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीबी 8775 का चालक नवलेश कुमार, सीजी 04 पीबी 8575 का चालक रमेश व ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनवाय 6575 का चालक के खिलाफधारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** गंज पुलिस ने फाफाडीह ओव्हरब्रीज के नीचे सट्टा खिलाते एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3480 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फाफाडीह ओव्हरब्रीज के नीचे एक व्यक्ति सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मिंतरिया साहू 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3480 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### आरक्षक से विवाद कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 9 अप्रैल ।** ग्राम सेमरा नवापारा में तीन लोगों ने एक आरक्षक से गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामरतन साहू 57 वर्ष प्रधान आरक्षक क्रमांक 916 है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि सेमरा नवापारा के पास एक्सीडेंट होने से घायल युवक को सरकारी वाहन में बिठाकर अस्पताल लेकर जा रहा था, तभी आरोपी एनू साहू, गनपत साहू व राधेश्याम साहू ने पहले हाइवा वाहन वाले को पकड़ों तब अस्पताल चलेंगे कहते हुए आरक्षक से विवाद कर गाली-गलौज करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। प्रार्थी आरक्षक की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 186, 353, 332, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।





## शक्ति की भक्ति में डूबी राजधानी

**रायपुर, 9 अप्रैल(मुख्य नगर संवाददाता)।** हिन्दू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा के साथ ही आज से नवरात्रि का श्रीगणेश हो गया है। साथ ही गुड़ीपड़वा एवं चेट्रीचंड पर्व भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश के रतनपुर, डोंगरगढ़ सहित रायपुर के महामाया मंदिर में हजारों की संख्या में जोत जलाए गए हैं। भक्त शक्ति की भक्ति कर रहे हैं। पूरे देश में हिन्दू नव वर्ष की शुरुआत होते ही विभिन्न समाज द्वारा अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्र नौ दिनों का होगा। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। देवी मंदिरों में जोत प्रज्जवलित किए गए हैं। राजधानी रायपुर के महामाया, बंजारी माता सहित अनेक प्राचीन मंदिरों में रौनक बढ़ गई है। भक्तों की भीड़ लग गई है। भक्त बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ पैदल जाते हैं। इनके लिए अनेक स्थानों पर ठहरने एवं फलाहार की व्यवस्था की गई है। पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। भिलाई के सुपेला चौक एवं चरोदा में जगह-जगह भक्तों के लिए रुकने की व्यवस्था की गई है। डोंगरगढ़ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंबी दूरी की कई ट्रेनों के स्टापेज बनाए गए हैं।

# आरडीए ने आवासीय व व्यवसायिक भूखण्डों को बेचने चुनाव आयोग से मांगी अनुमति

**लोक निर्माण, ग्रामीण विकास एवं पंचायतों के निर्माण कार्यों को दी जा रही अनुमति**

**शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर आ रही सर्वाधिक शिकायतें**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 9 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के पश्चात आचार संहिता प्रभावित होने के कारण रायपुर विकास प्राधिकरण ने व्यावसायिक व आवासीय भूखण्डों एवं कॉम्प्लेक्स के विक्रय की अनुमति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मांगी है। तीसरे चरण में रायपुर में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की जानकारी सीईओ कार्यालय को प्रेषित कर दी है।

रायपुर में लोकसभा चुनाव कराने के लिए सेक्टर, जोनल, प्रेक्षक दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार राज्य में आचार संहिता प्रभावशील है। इसलिए अब सभी विभागों के अधिकारी विभिन्न निर्माण एवं कर्मचारियों ने कार्यमुक्त होने सहित अन्य कार्यों के लिए अनुमति मांगी है। आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संत माता कर्मा व्यवसायिक परिसर शैलेन्द्र नगर में व्यवसायिक दुकानों के अलावा भूखण्डों एवं भवनों के विक्रय (निर्वर्तन)की अनुमति मांगी है। आरडीए ने अपने लिखित पत्र में कहा है कि आरडीए एक अर्धशासकीय संस्था है जिसके द्वारा आवासीय, व्यवसायिक भूखण्ड एवं व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाए जाते हैं। इस कार्य के लिए किसी राजनीतिक दल का कोई लेना-देना नहीं होता है। पिछले कई वर्षों से आरडीए आर्थिक संकट से गुजर रहा था। आरडीए ने आदर्श बाजार, बाम्बे मार्केट एवं शारदा चौक सहित अनेक काम्प्लेक्स को फ्री-होल्ड कर एक बड़ी राशि जमा कराई है जिसके कारण आरडीए की स्थिति काफी मजबूत हो गई है। ज्ञात रहे आरडीए पर करोड़ों रुपए का कर्ज था। कमल विहार योजना के तहत आरडीए को काफी घाटा हुआ था। लेकिन अब स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है। आरडीए के पास शैलेन्द्र नगर, देवेन्द्र नगर के अलावा अन्य आवासीय परियोजनाएं हैं। इन्हें बेचकर आरडीए अपनी आर्थिक स्थिति और मजबूत करना चाहता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इस संबंध में विचार किया जाएगा तथा इसके निराकरण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

शासकीय कर्मचारियों को कार्यमुक्त एवं स्थानांतरण की सर्वाधिक शिकायतें

सीईओ कार्यालय में रायपुर एसपी ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के संबंध में जानकारी दी है। आबकारी विभाग ने अवैध शराब पकड़ने एवं उन पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी भेजी है। सी-विजिल में आचार संहिता के उल्लंघन की कुल 328 शिकायतें प्राप्त हुई है। संपत्ति विरूपण के तहत बैनर-पोस्टर, वाल राइटिंग हटाए गए हैं। अभी तक कैश के रूप में 10 करोड़ तथा तीन लाख 27 हजार लीटर शराब जब्त की गई है। आयोग के अनुसार ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनका स्थानांतरण आचार संहिता के पहले कर दिया गया है उनको अनुमोदन लेने की जरूरत नहीं है। विभिन्न कार्यालयों में ऐसे कर्मचारी जो कि तीन वर्ष से अधिक समय से जमे हुए हैं उनको हटाने के लिए सर्वाधिक शिकायतें आ रही है। लोक निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में जो काम रोक दिए गए थे उन्हें भी स्वीकृति दी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई में होंगे घोषित



**रायपुर 9 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषणा की है कि 10 मई तक 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे जारी किए जाएंगे। परीक्षाएं समाप्त होने के बाद, मूल्यांकन का काम वर्तमान में प्रगति पर है। मंडल चेयरमैन रेणु पिल्लै ने केन्द्राध्यक्षों को 14 अप्रैल तक मूल्यांकन का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस बार 10वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्र और 12वीं में 2 लाख 54 हजार 906 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया है। छात्रों के परिणामों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए, वे मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। बात दें रेणु पिल्लै मूल्यांकन को लेकर केन्द्राध्यक्षों से चर्चा कर रही हैं। उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि 14 अप्रैल तक मूल्यांकन को खत्म किया जाए, ताकि जल्द से जल्द रिजल्ट जारी किया जा सके। 10वीं और 12वीं के लिए अब तक लगभग 85 से 90 फीसदी मूल्यांकन का काम पूरा हो चुका है। मूल्यांकन पूरा होते ही रिजल्ट जारी करने की तैयारियां पूरी की जाएंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि हर हाल में 10 मई के पहले दसवीं और बारहवीं के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## राजधानी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग कलेक्टर ने लिया त्वरित संज्ञान

**रायपुर 9 अप्रैल।** राजधानी के देवेंद्र नगर सेक्टर 2 में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना मिलते ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने त्वरित संज्ञान लिया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। निर्देश पर एसडीएम, तहसीलदार, सीएसपीडीसीएल के अधिकारी कर्मचारी एवं फ़ायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे है। प्रशासनिक अमला द्वारा तत्काल उपस्थित होकर बड़ी घटना घटित होने से पूर्व क़ाबू पा लिया गया।



गुढ़ियारी स्थित बिजली दफ्तर में आग लगने के कारण का खुलासा हो गया है। कोटा सीएसपीडीसीएल स्टोर में कट आउट बॉक्स के पास आग शुरू हुई थी, जो झाड़ियों को जलाते हुए ट्रांसफार्मर और तेल के ड्रामों तक पहुंची थी। इस आगजनी से शासन को करोड़ों का नुकसान हुआ है। भीषण अग्निकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें लापरवाही साफ नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने गुढ़ियारी स्थित क्षेत्रीय भंडार गृह में आग लगने की घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की है। समिति पांच बिन्दुओं पर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

## वेदांता ने एल्यूमिना रिफाइनिंग क्षमता बढ़ाई

**रायपुर 9 अप्रैल।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम अपनी उत्पादन क्षमता को 30 लाख टन प्रति वर्ष कर के दुनिया की तीन सबसे बड़ी एल्यूमिनियम कंपनियों में शामिल होने को प्रयासरत है और इसी दिशा में कंपनी ने आज एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की है। 100 प्रतिशत वर्टिकल इंटिग्रेशन हासिल करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कंपनी ने बताया की लांजिगढ़, ओडिशा स्थित विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी में अतिरिक्त 15 लाख टन सालाना उत्पादन हेतु विस्तार कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह अतिरिक्त 15 लाख टन सालाना क्षमता कंपनी की नई 30 लाख टन सालाना उत्पादन क्षमता वाले संयंत्र का हिस्सा है जो लांजिगढ़ रिफाइनरी की मौजूदा 2 लाख टन सालाना क्षमता में इजाफा कर के उसे 5 लाख टन सालाना कर देगी।

दुनिया में उच्च क्वालिटी के एल्यूमिनियम उत्पादों की सबसे बड़ी रेंज प्रस्तुत करने वाली कंपनियों में वेदांता एल्यूमिनियम भी एक है। इन उत्पादों के ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, डिफेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, पावर प्रोजेक्ट, इलेक्ट्रिकल्स व पैकेजिंग आदि जैसे उद्योगों में बहुत अहम उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में प्रीमियर स्मेल्टर ग्रेड एल्यूमिना के सबसे बड़े उत्पादकों में से भी एक है, यह उत्पाद झारसुगुडा (ओडिशा) और बाल्को (छत्तीसगढ़) स्थित कंपनी के एल्यूमिनियम संयंत्रों के लिए प्रमुख कच्चा माल है।

वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, ''विस्तारित क्षमता को कमिशन करते हुए हम बहुत खुश हैं ।

### ज्योतिष सम्मेलन में जुगल किशोर का सम्मान

**रायपुर 9 अप्रैल।** अम्लेश्वर स्थित महाकाल धाम में आयोजित विराट ज्योतिष सम्मेलन में नगर के ज्योतिष भूषण पण्डित ब्रह्मदत्त जुगल किशोर शास्त्री ज्योतिष लोचन की उपाधि से सम्मानित किए गए,इस आयोजन में देश भर से 150 से अधिक ज्योतिषी, अंक शास्त्री, हस्त रेखा विशेषज्ञ, टैरो कार्ड और फेंगशुई विधा के जानकार और वास्तु शास्त्री शामिल हुए, म्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों व राजनेताओं की स्थिति , 4 जून को ग्रहों की स्थिति, मोदी मैजिक उनके तीसरे कार्यकाल और विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विषय पर गहन मंत्राणा की गई, सम्मेलन में रायपुर में ज्योतिष के पितामह 90 वर्षीय डॉक्टर अनन्त धर शर्मा एवं कांकेर की डॉक्टर गीता शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।



### हिंदू नव वर्ष तथा चैत्र नवरात्र पर सर्व ब्राह्मण समाज ने भिक्षुक दान व वस्त्र वितरण किया



**रायपुर 9 अप्रैल।** चैत्र नवरात्र तथा हिंदू नव वर्ष पर सर्व ब्राह्मण समाज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में शहर के मंदिरों में भिक्षुक दान एवं वस्त्र वितरण का आयोजन किया । आज सुबह से ही अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उप प्रांताध्यक्ष लेखमणि पांडेय, सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा, प्रमुख सलाहकार राजेश मिश्रा, संभागीय महासचिव अशोक मिश्रा, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा , पं ऋषि तिवारी, महासचिव मनीष मिश्रा, धनंजय शर्मा, शहर सचिव सुमित शर्मा, मोहित शर्मा, गणेश शर्मा, गोपाल शर्मा ने बंजारी धाम, महामाया, शीतला मंदिर,लाखे नगर क्षेत्र आदि में बैठे भिक्षुकों को अन्न दान व वस्त्र वितरण किया। उक्त अवसर पर पदाधिकारियों ने चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष के इस पावन बेला में ब्राह्मण समाज सहित समस्त समाज के कल्याण, प्रगति एवं शांति के साथ-साथ नारी शक्ति तथा युवा वर्ग की खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

## कैट दे रहा युवा व्यापारियों को पब्लिक स्पीकिंग एवं लीडरशिप ट्रेनिंग

**रायपुर 9 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की युवा इकाई युवा कैट छत्तीसगढ़ ने हर माह होने वाली युवाओं की बिज़नेस मीट का आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण आयोजन चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट में संपन्न हुआ, इस महत्वपूर्ण बैठक में जहां राजधानी के युवा व्यापारियों ने उत्साह से भाग लिया इस पब्लिक स्पीकिंग एवं लीडरशिप ट्रेनिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर श्री दिनेश अग्रवाल जी ने युवा व्यापारियों को पब्लिक स्पीकिंग और लीडरशिप स्किल्स के बारे में बारीकी से अवगत कराया। युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष अवनीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक विधानी, महामंत्री अमर धिंगानी, कार्यकारी महामंत्री विक्रांत राठौर, कोषाध्यक्ष विजय पटेल ने बताया कि यह सेशन बड़ी संख्या में युवा व्यापारियों ने अच्छे से समझा और सराहा।




### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेट्रीचंड्र पर्व पर दी अपनी शुभकामनाएं

**रायपुर 9 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिन्दू नववर्ष आरम्भ, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेट्रीचंड्र पर्व के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना सन्देश में उन्होंने कहा - ÷आज से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव संवत्सर विक्रम संवत 2081 की शुरुआत हो रही है, जिसे हिन्दू नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। यह नववर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो। साथ ही आदिशक्ति जगद्जननी की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्रि की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मां जगदंबा आप सभी का कल्याण करें।÷ मुख्यमंत्री ने सिंधी समाज के लोगों को भगवान झूलेलाल की जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव और मराठी समाज के लोगों को गुड़ी पड़वा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि आज से हिन्दू नववर्ष की शुरुआत हो रही है और चैत्र नवरात्रि का आरम्भ भी हो रहा है। आगामी 9 दिनों तक देवी मंदिरों में भक्तगण उनकी आराधना करेंगे और ज्योति कलश की भी स्थापना होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने माना छत्तीसगढ़ में कोई शराब घोटाला हुआ ही नहीं

**रायपुर 9 अप्रैल।** ईडी के द्वारा रचित पटकथा छत्तीसगढ़ के तथाकथित शराब घोटाले को सुप्रीम कोर्ट से रद्द कर दिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मा. उच्चतम न्यायालय के इस फैसले से यह साबित हो गया कि छत्तीसगढ़ में कोई शराब घोटाला हुआ ही नहीं था। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा को चुनावी मुद्दा देने के लिये केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी ने यह सारा षड़यंत्र रचा था। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला दूरगामी है, ईडी ने छत्तीसगढ़ में अनेक मामलों को षड़यंत्रपूर्वक रचा है, कोयला घोटाला, महादेव एप्प मामले की भी ऐसी ही हवा निकलेगी। कांग्रेस तो शुरू से कहती थी कि छत्तीसगढ़ में ईडी भाजपा के राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये कांग्रेस की तत्कालीन सरकार की छवि खराब करने के लिये भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही थी अदालत के फैसले से यह साबित भी हो गया।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ही नहीं देशभर में विरोधी दलों विशेषकर इंडिया गठबंधन के दलो के नेताओं को परेशान करने उनकी राजनैतिक छवि खराब करने का काम ईडी कर रही है तथा मनगढ़त आरोपों पर विपक्षी नेताओं के खिलाफ मुकदमें दर्ज किये गये तथा उनकी गिरफ्तारियां भी की गयी है। ईडी भाजपा का राजनैतिक हथियार बन चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिस ईडी के द्वारा दर्ज केस को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया उसी ईडी के पत्र के आधार भी छत्तीसगढ़ में एसीबी और ईओडब्ल्यू के द्वारा दर्ज किये गये मुकदमें की वैधानिकता पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। जब कोई घपला, घोटाला हुआ ही नहीं तो ईओडब्ल्यू, एसीबी के मुकदमें भी तो राजनैतिक षड़यंत्र का ही हिस्सा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26